चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 71, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 08 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में हरिहर पुर में संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया

शाह ने आजमगढ़ को दिया तोहफा

आजमगढ़: केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने जिले को 46 सौ करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी है। इस मौके पर उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश के विकास का अवरोधक करार दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पहले जो आजमगढ़ आतंक के लिए जाना जाता था, आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कला के क्षेत्र में दुनिया में नाम करने वाले कला के साधक छन्नू लाल मिश्र की इस धरती पर संगीत महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है। विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आजमगढ़ को सम्मान नहीं मिलता था। आज उप्र के हर गांव और घर में बिजली पहुंच रही है। भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

2017 से पहले आजमगढ़ का नाम विस्फोट में आता था : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हरिहरपुर में चार हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास के मौके पर विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले जिस आजमगढ़ का लोग नाम लेने से कतराते थे, आज वहां एक ही दिन में हजारों करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हो रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज का भारत दुनिया के समक्ष एक नये भारत के रूप में आया है। विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि 2017 के पहले आजमगढ़ के युवाओं के लिए पहचान का संकट था। दूसरे राज्यों में किराए पर कमरा भी देने से लोग परहेज करते थे। लखनऊ पहुंचने में पहले छह से सात घंटे लगते थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से अब दो से ढाई घंटे में आजमगढ़ के लोग लखनऊ पहुंच सकते हैं। हरिहरपुर ऐसा संगीत का घराना है जिसे सम्मान देने के लिए आज खुद गृह मंत्री अमित शाह आए हैं। पहले यहां का नाम कोई नहीं लेना चाहता था। बम विस्फोट में नाम आ जाता था।

आज विकास के लिए आजमगढ़ जाना जाता है: योगी

आज विकास के लिए आजमगढ़ जाना जाता है। आज ही चार हजार 600 करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात जिले को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि जब नेतृत्व ईमानदार एवं कर्मठ होता है तो राज्य का विकास होता है। क्या कोई कह सकता था कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया जाएगा ? कभी हम कश्मीर में वैसे ही जा सकते थे जैसे अन्य राज्यों में जाते हैं, आज पूर्वोत्तर हो या जम्मू कश्मीर, एक समान है।

कौशांबी में राहुल गांधी पर बरसे शाह

कौशांबी: सिराथू में आयोजित कौशांबी महोत्सव में गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में अरबों की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि बिना भेदभाव के सारी योजनाओं का लाभ उत्तर प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

आपने संसद के वक्त को बली चढ़ा दिया है: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल ही संसद समाप्त हुई। आजादी के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि देश के बजट सत्र में चर्चा करे बिना संसद समाप्त हुई हो। विपक्ष के नेताओं ने सदन को चलने नहीं दिया। इसका कारण कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किया गया। राहुल गंधी इस सजा को चुनौती दें।

7 महीने बाद कोरोना के डेली केस 6 हजार पार

केंद्र ने कहा- राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री अस्पतालों में मॉक ड्रिल का रिव्यू करें, टेस्टिंग बढ़ाएं

नई दिल्ली: देश में कोरोना मरीजों की संख्या में एक बार फिर से इजाफा होने लगा है। पिछले 24 घंटे में देश में 6,050 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा भी 28 हजार 303 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। मांडविया ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कोविड टेस्टिंग और जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोविड नियमों के पालन का प्रसार बढ़ाने पर बात हुई। हमें सतर्क रहना है और डर नहीं फैलाना है। उन्होंने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को अस्पतालों में मॉक ड्रिल का रिव्यू करने और टेस्टिंग बढ़ाने के लिए कहा है। मांडविया ने कहा कि हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं।

वर्तमान में ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट देश में फैल रहा है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती है।

नीतीश की इफ्तार पार्टी को बीजेपी ने ठुकराया

पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री आवास पर इफ्तार पार्टी दे रहे हैं। इस इफ्तार पार्टी में राज्यपाल समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं को बुलाया गया है। सीएम नीतीश कुमार की ओर से भाजपा नेताओं को भी इफ्तार की पार्टी का न्योता दिया गया है। हालांकि, भाजपा ने इफ्तार की पार्टी में जाने से साफ मना कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन रखा है। बिहार में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार दंगों में जल रहा है।

आजाद-सिंधिया फासीवादी विचारधारा के साथ खड़े : गहलोत

जयपुर: कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद और कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बयान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गहलोत ने ट्वीट कर लिखा कि जो लोग जिंदगी भर जिस विचारधारा से लड़ने की कसमें खाते थे, आज उसी फासीवादी विचारधारा के साथ खड़े हो गए हैं और बीजेपी नेताओं के इशारे राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने ट्वीट में लिखा कि गुलाम नबी आजाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया राहुल गांधी के खिलाफ ऐसी निम्नस्तरीय भाषा बोलने लगेंगे ये किसी ने सोचा नहीं था। राहुल गांधी की सोच और उनके काम के आगे भारतीय जनता पार्टी के नेता थक चुके हैं, क्योंकि राहुल गांधी इतने हमलों के बावजूद जनता की आवाज उठाने से पीछे नहीं हटे हैं। इसलिए बीजेपी ने अब कांग्रेस छोड़कर गए इन नेताओं को विशेष टास्क दिया है कि वो राहुल गांधी के खिलाफ बोलें। ये सब जिंदगी भर जिस विचारधारा से लड़ने की कसमें खाते थे आज बीजेपी नेताओं के इशारे पर उसी फासीवादी विचारधारा के साथ खड़े हो गए हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने अपनी आत्मकथा के विमोचन के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला था।

समाज में सेवा का भाव जगाना जरूरी: मोहन भागवत

जयपुर: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में तीन दिवसीय सेवा संगम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि सेवा भाव से पूरे विश्व को कुटुंब बनाना है। ऐसा तभी संभव है जब सेवा का कार्य समाजव्यापी अभियान बन जाए। उन्होंने कहा कि सेवा का मंत्र हमारे देश में बहुत पहले से विद्यमान रहा है। संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कार्य कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है। डॉ. भागवत ने लोगों का आह्वान किया कि सम्पूर्ण विश्व को भक्ति, ज्ञान एवं कर्म का उदाहरण प्रस्तुत करें। साथ ही सेवा करने वाली सज्जन शक्ति एक समूह बनकर परस्पर मिलकर चले। इससे हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा का मंत्र हमारे देश में बहुत पहले से विद्यमान रहा है। सेवा का भाव संवेदना प्रधान है। हालांकि संवेदना मानव से इतर पशुओं में भी होती है और अक्सर यह परिलक्षित भी होती है, लेकिन संवेदना में कृति का भाव केवल मनुष्य तक ही सीमित है। यह कृति ही करुणा है। जी-20 की बैठक का उल्लेख कर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी करुणा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी सेवा के बाद अहंकार आना स्वाभाविक है, लेकिन यदि सेवा भाव निरंतर बना रहता है, तो अहंकार स्वतः खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है। हम प्रयास कर रहे हैं कि सेवा के माध्यम से आज ही समाज स्वस्थ हो जाए। इससे पहले हमें स्वस्थ होना पड़ेगा। हमारे समाज में यदि कोई पीछे है तो यह हमारे लिए अच्छी बात नहीं है। सबको समान और अपने जैसा मानकर ही समाज को आगे बढ़ा सकते हैं।

अपहरण और रंगदारी के एक और मामले में आरोप तय

माफिया अतीक और उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा

लखनऊ: लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफिया अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है। गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2018 को कारोबारी मोहित जायसवाल ने कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद ने गुर्गों के जरिये गोमती नगर स्थित ऑफिस से उसका अपहरण करवाया था। इसके बाद अतीक ने जेल में उसके साथ मारपीट की तथा सादे पन्ने पर दस्तखत करने को कहा था। इनकार पर अतीक, उसके बेटे उमर तथा गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान ने तमंचे-रॉड और पट्टे से उसे पीटा था। इसके बाद जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर 45 करोड़ की संपत्ति अपने नाम करा ली थी।

अतीक पर दर्ज हो चुके हैं 101 मुकदमे: अतीक के खिलाफ कुल 101 मुकदमे दर्ज हुए। वर्तमान में कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं, जिनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे हैं।

गरीब कैदियों को केंद्र सरकार का तोहफा

नई दिल्ली: देश के विभिन्न जेलों में कैदियों की भीड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कैदियों की संख्या घटाने की उम्मीद के तहत केंद्र सरकार ने जेलों में बंद गरीब लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष योजना शुरू करने का फैसला किया है। केंद्र ने यह फैसला इसलिए किया है, क्योंकि वे लोग (गरीब कैदी) जुमार्ना या जमानत राशि वहन करने में असमर्थ हैं।

गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता: गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "इससे गरीब कैदी, जिनमें से अधिकांश सामाजिक रूप से वंचित या निम्न शिक्षा और आय स्तर वाले हाशिए के समूहों से संबंधित हैं, जेल से बाहर निकल सकेंगे।" बयान में कहा गया कि गरीब कैदियों के लिए सहायता योजना की व्यापक रूपरेखा को हितधारकों के परामर्श से अंतिम रूप दिया गया है।

योजना में कई पहलुओं को किया गया है शामिल: बयान के मुताबिक, योजना का लाभ गरीब कैदियों तक पहुंचे, इसके लिए तकनीक आधारित समाधान तैयार किए जाएंगे, ई-प्रिजन प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जाएगा और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को मजबूत किया जाएगा।

विश्व में भारत की आवाज बुलंदी पर: धनखड़

नई दिल्ली: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को देश के खिलाफ जहर उगलने वाले विदेशी संस्थानों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा,"कुछ विदेशी संस्थाएं हमें ज्ञान देती है कि हमारा भारत कैसा है।"

वो हमें बताते हैं कि हमारी जमीन कैसी है, जिसकी जानकारी हमे है। जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि दरअसल, ऐसे संस्थानों का उद्देश्य भारत की उभरती गति पर अंकुश लगानाल है। अमेरिका में भी ऐसे संस्थान हैं। हालांकि, चिंताजनक तीन बाते हैं। उन संस्थानों पर जो पीठ कायम होती है। वहां पर हमारे देश के अरबपति,उद्योगपति करोड़ों देते हैं। मैं नहीं कहता कि उनकी नियत खराब है पर शायद यह बात उनकी ध्यान से उतर गई है।

भारत को धूमिल करने का कम कर रहे कुछ लोग: उपराष्ट्रपति ने कहा कि दान दिए जाने वाले करोड़ों के योगदान की वजह से वहां अपने ही यानी देश के कुछ लोग इस प्रकार के कार्यक्रम की रचना करते हैं, जो भारत को धूमिल करते हैं। उन संस्थानों में अनेक देशों के शिक्षक और विद्यार्थी हैं पर ये अनुचित कार्य हमारे ही देश के लोग क्यों करते हैं। यह सोच का विषय हैं। हालांकि, अब भारत पर इस बात का असर नहीं होता है।

उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि दुनिया में भारत की आवाज उतनी बुलंदी है पर जिसकी परिकल्पना स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी।

दिल्ली के नए मेयर की डेट 26 अप्रैल का पत्र लिखा

नई दिल्ली

दिल्ली के नए महापौर के चुनाव के लिए वर्तमान मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने 26 अप्रैल की तारीख निश्चित करने संबंधी पत्र दिल्ली नगर निगम सैक्टरी को भेजा है। इसके बाद तारीख तय करने के लिए निगम सचिव द्वारा फाइल कमिश्नर और फिर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास भेजी जाएगी। अब एलजी के ऊपर है कि वह कौन सी तारीख मुक्करर करते है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान महापौर डॉ.शैली ऑबेरॉय का कार्यकाल गत 31 मार्च को खत्म हो गया है । स्थाई समिति के गठन में कोर्ट विलंब है।

टीकाकरण केंद्र तलाशने में लोगों को आ रही दिक्कत, सरकारी हुए बंद

नई दिल्ली: वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसके चलते लोग बूस्टर डोज की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, भारत के प्रमुख शहरों में भी जिन निजी केंद्रों पर टीके उपलब्ध हैं, उनकी संख्या केवल गिनती भर रह गई है। स्वास्थ्य विभाग के कोविन पोर्टल से पता चलता है कि मुंबई में लगभग सात टीकाकरण केंद्र संचालित हैं। इनमें से सिर्फ जेजे हॉस्पिटल ही निःशुल्क या सरकारी केंद्र है। जबकि दूसरी ओर राजधानी दिल्ली में 11 केंद्र संचालित हैं। हैदराबाद में सात, कोलकाता में चार और चेन्नई में सिर्फ एक केंद्र पर ही लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। जबकि बेंगलुरु में लोगों का टीकाकरण नहीं हो रहा है क्योंकि वहां टीकाकरण के लिए कोई केंद्र नहीं है। 75 फीसदी से अधिक परिचालन वाले केंद्र अब निजी केंद्र बन गए हैं। कोविन ने दिखाया कि 296 संचालित केंद्रों में 230 केंद्र निजी हो गए हैं, जहां शुल्क देकर टीका लगाया जा रहा है।

कम डिमांड के कारण अस्पतालों मे खत्म हुए टीके: बर्बाद हो रही खुराकों के कारण हो रहे नुकसान को लेकर निजी अस्पताल भी सतर्क हैं। निजी अस्पतालों का तर्क है कि टीकों के भंडार में कई ऐसी खुराकें थीं, जो कम मांग के कारण बर्बाद हो गईं। बीते दिनों कोरोना के कम होते मामले देख हमने कोई नया ऑर्डर नहीं दिया था। अब फिर संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। लोग बूस्टर डोज लगवाने के लिए तेजी से अस्पतालों और केंद्रों का रुख कर रहे हैं। फिलहाल हम मांग पर नजर बनाए हुए हैं। अगर जरूरत महसूस हुई तो हम ऑर्डर दे सकते हैं। दूसरी तरफ साप्ताहिक टीकाकरण में एकाएक वृद्धि देखी जा रही है। क्योंकि हाल के दिनों में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार के कोविन पोर्टल के आंकड़ों से पता चलता है कि 15 मार्च को

श्रद्धालु के भेष में भाग सकता है पाकिस्तान

अमृतपाल के खिलाफ पंजाब पुलिस का 'ऑपरेशन 14 अप्रैल'!

चंडीगढ़: खालिस्तान की मांग करने वाले कट्टरपंथी अमृतपाल को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस ने अपना पहरा बढ़ा दिया है। पंजाब पुलिस के सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल की गिरफ्तारी बहुत जल्द होगी। पंजाब में किसी तरीके की स्थिति बेकाबू ना हो, इसके लिए बाकायदा पंजाब में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों को भी रद्द कर दिया गया है। 14 अप्रैल तक पुलिस की छुट्टियों के रद्द किए जाने से अनुमान लगाया जा रहा है कि पंजाब पुलिस 'ऑपरेशन 14 अप्रैल' को अमृतपाल की हर हाल में गिरफ्तारी कर लेगी। सूत्रों के मुताबिक यह गिरफ्तारी पाकिस्तान जा रहे श्रद्धालुओं के उस दस्ते के दौरान भी हो सकती है, जिसमें अमृतपाल भी भेष बदलकर पाकिस्तान जाने की फिराक में लगा हुआ है।

खबर संक्षेप

9 अप्रैल को होगी व्यापार संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

जारी। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की एक बैठक और गठन का कार्यक्रम 9 अप्रैल दिन रविवार को प्रयागराज के होटल रामा कॉन्टिनेंटल सिविल लाइन में आहूत की गई है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता करेंगे। यह जानकारी ओंकार नाथ केसरवानी ने दी है।

डीजे का हजारों का समान चोरी

मऊआइमा। घर के सामने खडे डीजे का कीमती सामान जिसकी कीमत हजारों में बताई गई है। चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने एक पर शंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल निवासी जयस कुमार पुत्र रामचरन का कहना है कि उसका डीजे घर के सामने खडा था। जिसमें दो मशीनें लगभग पचास हजार तथा एक अन्य मशीन मूल्य लगभग पन्द्रह हजार की चोरी हो गई। जयस कुमार ने मऊआइमा थाने में ग्राम जाम्हा के एक युवक पर शंका जताते हुए चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त ने किया जेल चौकी का निरीक्षण, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

अखंड भारत संदेश

पुलिस चौकी कारागार नैनी का किया निरीक्षण

नैनी। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर उपजिलाधिकारी करछना एवं सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजित सिंह चौहान द्वारा पूर्व से स्थापित पुलिस चौकी (थाना नैनी) केन्द्रीय कारागार नैनी, थाना नैनी एवं निमार्णाधीन पुलिस चौकी कारागार नैनी का निरीक्षण किया गया। चौकी की व्यवस्थाएं को सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष नैनी बृजेश सिंह और चौकी इन्चार्ज को आवश्यक निर्देश दिये गये। जेल चौकी की व्यवस्थाएं सुदृढ़ किये जाने और जेल के स्टाफ से आवश्यक समन्वय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में डिप्टी सुप्रिन्टेण्डेंट/जेलर से विचार विमर्श किया गया तथा संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस चौकी में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये निर्देश निर्गत किये गये है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ्य जीवन के लिए बोले डॉक्टर

सहसों। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन-जन को जागरूकता अभियान के तहत सहसों स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट में शुक्रवार को एक गोष्ठी विश्व स्वास्थ्य दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। अध्यक्षता करते हुए डॉ अमित यादव ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सही इलाज, सही बचाव एवं सही जानकारी ही शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए जीवन जीने का आधार होता है। मौसम बदल रहा है ऐसे मौसम में इस समय बीमारियां अपना पांव पसार रही हैं। ऐसे में शरीर के अंदर एलर्जी रोग, पेट दर्द, सिर दर्द एवं संक्रमण आदि की समस्या बढ़ जाती है। इन हालातों में बचाव के लिए हर व्यक्ति को छोटा हो या बड़ा, बच्चा हो या बूढ़ा स्वच्छ जल, ताजा भोजन का ही सेवन करें। काफी देर का कटा हुआ फल व सलाद न खाएं, ठंडी पेय पदार्थों से बचें, हो सके तो खुली हवा में 10 मिनट व्यायाम करें, ताजे फल खाएं, बाजार में बिकने वाली तली भुनी हुई चीजों का प्रयोग कतई न करें। गोष्ठी में मौजूद बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एस के गुप्ता ने बताया कि बच्चों में होने वाली बीमारियों के प्रति सजग रहें। बच्चों को नियमित संतुलित आहार, स्वच्छ जल, दूध एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉक्टर के सी, डॉ दिलीप, डॉ आर के तिवारी, जय सिंह, राजेश सिंह, अखिलेश यादव, कमलेश प्रजापति, लालता प्रजापति, नरेन्द्र एवं अंकिता सहित आदि मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

रोजा इफ्तार के बाद कांग्रेसी नेताओं ने निकाला मशाल जुलूस

सहसों। सहसों स्थित पुराना कोल्ड स्टोर पर रोजा इफ्तार पार्टी के बाद मशाल जुलूस कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशफाक अहमद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय के नेतृत्व में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कई कांग्रेसी नेता तथा क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, वरिष्ठ नेता एआईसीसी सदस्य शेखर बहुगुणा, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, पूर्व विधायक जवाहर दिवाकर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हलीम अंसारी सहित कई नेता शामिल हुए। इफ्तार पार्टी के बाद नमाज अदा कर देशवासियों के अमन के लिए दुआ मांगी गई। तत्पश्चात इफ्तार पार्टी के बाद कांग्रेसियों ने सहसों बाजार में भाजपा के नीतियों के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला जिससे राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने एवं महंगाई, बेरोजगारी कई मुद्दे शामिल रहे। इस मौके पर कमलाकांत मिश्रा, शरद उपाध्याय, नसीम हाशमी, राम किशुन पटेल, कृष्ण कुमार द्विवेदी, राजेश राकेश, अंशुमन पटेल, दत्तात्रेय त्रिपाठी, कैफ वारसी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, शरद पांडेय, पूर्व प्रधान दिलीप दूबे, भोला तिवारी, बृजेश सिंह, अमन मिश्रा भीम, गोविंद सिंह, महेंद्र प्रताप सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

मऊ आइमा। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मऊआइमा के सुल्तानपुर खास स्थित जन शिक्षण संस्थान के तहत संचालित हाइटेक कंप्यूटर सेंटर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया । जिसमें डॉ आलोक केसरवानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष डब्ल्यूएचओ की स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है । जिसमें हम सबको भयानक बीमारियों के प्रति जागरूक और सजग रहने की सलाह दी गई। संचालक ताकेश्वर सिंह मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया । इस मौके पर संस्थान क्षेत्र सहायक राजेंद्र पटेल, प्रशिक्षकगण सुशील कुमार वर्मा, प्रीति पटेल, रंजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

नैनी में गरजा नगर निगम का बुलडोजर

नैनी। शुक्रवार को नैनी में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर निगम नैनी जोन की टीम बिलडोजर लेकर नैनी सब्जी मंडी पहुंचती। जिसे देख आस - पास के दुकानदारों ने अपनी दुकान का सामान अंदर करना शुरू कर दिया। कुछ दुकानदार तो अपनी दुकान बंद कर के ही चले गए। परन्तु नगर निगम की टीम पूरी तैयारी से पहुंची थी। सड़क तक फैली फल की दुकान पर बुलडोजर चलाकर हटाया गया। नगर निगम द्वारा दुकानदारों से पॉलीथिन पर जुमार्ना लगाया गया और सड़क पर दुकान न लगाने की चेतावनी दी गई। इस दौरान नगर निगम के नैनी जोन अधिकारी, कर्मचारियों व नैनी थाना की पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में मौजूद रही।

मवेशियों के पुवाल में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाया

करछना। तहसील क्षेत्र में दोपहर ग्राम सभा पुरैनी शोभालाल के पुआल के ढेर में अचानक आग लग गई तत्काल फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुची ग्राम वासियों व फायर कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया बड़े हादसे को रोका गया. ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया बताया जाता है कि जल्द काबू पा लिया गया नहीं तो रहायशी मकान चपेट आ जाते जिससे बड़ी घटना हो सकती थी।

विनायक पंडित भाजपा के बने विशेष आमंत्रित सदस्य

करछना। के रोकड़ी गांव निवासी विनायक पंडित को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिससे लोगों ने खुशी जाहिर की है । भारतीय जनता पार्टी की ओर से चल रहे साप्ताहिक स्थापना दिवस के दौरान शुक्रवार को सीएचसी करछना में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के यमुनापार जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय की ओर से रोकड़ी गांव निवासी विनायक पंडित पुत्र स्व कौशल प्रसाद तिवारी को पार्टी का विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही साथ जिला अध्यक्ष की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया गया । इस दौरान जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने कहा कि विनायक पंडित एक युवा कार्यकर्ता के रूप में हैं । जोकि कर्मठ एवं ईमानदारी कार्यकर्ता के रूप में चर्चित हैं । जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई । इन्हें पार्टी का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने से पार्टी को गति प्रदान होगी। इनके मनोनयन पर नरैना गांव के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश तिवारी विनीतपति त्रिपाठी राजकुमार मिश्र डीएम मिश्रा कन्हैया तिवारी नरेश सोनकर चंद्र प्रकाश मिश्र अमन मिश्र अनुपम प्रजापति नवीन केसरवानी बबलू केसरवानी आदि लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी है ।

कृष्ण सुदामा चरित्र वर्णन सुनकर छलके आंखों से आंसू...

भावविभोर हुए बघेड़ी निवासी

जंघई। उर्मिला कुंज राचनपुर बघेड़ी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ गुरुवार को हुआ। कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा देवी श्री धाम वृंदावन द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की समाज को समानता का संदेश दिया। सुश्री प्रज्ञा देवी ने सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। सुदामा की मनमोहक झांकियो का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।कार्यक्रम आयोजक सज्जन शुक्ल शिक्षक, समाजसेवी, बिंदु शुक्ल, संजय शुक्ल, शिवम शुक्ल, अमन शुक्ल, अंश शुक्ल, अनुभव शुक्ल, अनुराग शुक्ल ने आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर आचार्य पंडित सुरेश दुबे, भजन गायिका प्रियंका भजन गायक पवन प्रीत, अनुराग तिवारी, गोपाल देवनाथ एवं कथा श्रोताओं में राम जियावन पांडेय एडवोकेट, कैलाश नाथ पांडेय, गंगा प्रसाद मिश्र, हृदय नारायण मिश्रा, कलेक्टर शुक्ला, मिस्टर मिश्रा, गोपाल पांडेय, बाबा तिवारी, आशीष तिवारी, तीर्थराज दुबे, राजबहादुर, लालजी मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, नीरज मिश्रा, कप्तान मिश्रा, श्रीधर मिश्रा, अजीत पांडेय, डॉ विवेक यादव बृजेश शर्मा, राकेश विदेशी, रमेश चंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा, बृजेश कुमार पांडेय, रवि मिश्रा, बाबा मिश्रा, राम अनुज उपाध्याय, लवकुश तिवारी, भरत लाल मिश्रा, सूर्य नारायण मिश्रा, दिनेश मिश्रा आदि रहे।

जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार का होगा चयन : पप्पू लाल निषाद

अखंड भारत संदेश

गर्मजोशी के साथ कार्यकताओं ने किया स्वागत

रत्योरा। नगर पंचायत के चुनाव में जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार का चयन होगा। जिसे भी पार्टी उम्मीदवार बनाएगी उसे सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर जिता कर भेजना है। यह बातें समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कोरांव बाजार के भागीरथी गार्डन में प्रथम आगमन पर कार्यकताओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने उपस्थित कार्यकताओं को संगठन मजबूती के टिप्स देते हुए कहा कि खेमेबाजी और गुटबाजी से दूर रहते हुए नगर निकाय चुनाव के इस सेमी फाइनल मैच को जीतने का काम करें। जिससे 2024 का फाइनल मैच आसान हो सके। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संघर्ष करने की जरूरत है। पद के लोलुपता में खेमेबाजी न करें। संघर्ष ही व्यक्ति को महान बनाता है। उन्होंने संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि बहुत दिनों तक कागजों पर बूथ कमेटी का गठन हो चुका है। अब धरातल पर बूथ कमेटियां गठित की जाएगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस भरोसे व विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे जिम्मेदारी दी है। उसका मैं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत समारोह को प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला महासचिव जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ललन सिंह पटेल, हरेकृष्ण यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष, नगर पंचायत कोरांव में अध्यक्ष पद के दावेदार पवन कुमार चतुर्वेदी राजू चौबे, अवध नारायण तिवारी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृपाशंकर बिंद, महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, विधानसभा प्रत्याशी रह चुके रामदेव निडर, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव शहादत अली, यादवेंद्र अहीर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर पटेल, राधेश्याम यादव, रामप्रवेश कुशवाहा, मंगल देव कोल, निवर्तमान जिला सचिव राजेश पांडेय, अर्जुन सिंह, प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव, पवन सिंघाल पटेल, दिनेश पटेल, लालजी पाल निराला महताब नौशाद आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख गायत्री प्रसाद तिवारी उर्फ मंडन तिवारी तथा संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोहिणी प्रसाद पाल ने किया।

बजरंगपुरम हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

जंघई। चैत्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को हनुमान मंदिर महुआपुर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती एवं प्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना करते हुए उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।इस अवसर पंडित भानु प्रकाश मिश्र, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, नागेंद्र प्रसाद शुक्ल, नर्वदेश्वर शुक्ल, संगम शुक्ल, अरूण प्रकाश शुक्ल, सूर्यमणि शुक्ल, धरणीधर शुक्ल, विनय शुक्ल, डिम्पल, दुर्गेश, विमलेश, मोहित, रोहन, भोले, बमबम शुक्ला, प्रिंस शुक्ल आदि भक्तगण मौजूद रहे।

धूमधाम हर्षोल्लास से मनाया गया प्रतापपुर में हनुमान जन्मोत्सव

प्रतापपुर। प्राचीन हनुमान मंदिर प्रतापपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ करके मनाया गया।मनोज सिंह आचार्य प्रभारी भाजपा जंघई मंडल के नेतृत्व में हनुमान मंदिर प्रांगण में जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। धूप, दीप, माला, फूल प्रसाद सहित हनुमान जी की आरती किया गया।इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीकांत द्विवेदी, भाजपा सोशल मीडिया संयोजक प्रतापपुर मंडल, सोनू मिश्रा, हिंदू युवा वाहिनी जिला मीडिया प्रभारी नवीन उपाध्याय, क्षितिज प्रताप सिंह, अवनीश जायसवाल, शिव कुमार जयसवाल, राकेश उपाध्याय, बालकेशर दुबे, आचार्य शिव सागर सिंह, मोनू सिंह, रामजी तिवारी, राघवेन्द्र त्रिपाठी, डाक्टर अच्छेलाल उपाध्याय, श्याम जी तिवारी, संतोष दुबे, त्रिलोक शंकर दुबे, रविंद्र सिंह, पिंटू गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

सामाजिक न्याय रथयात्रा सभी के हक व अधिकार की लड़ाई : बाबू रामपाल

प्रयागराज की सीमा में पहुंचने पर अमिलिहाई चौराहे पर किया गया जोरदार स्वागत

शंकरगढ़। राष्ट्र उदय पार्टी की सामाजिक न्याय रथ यात्रा पार्टी के सुप्रीमो बाबू रामपाल के नेतृत्व में चित्रकूट से होते हुए शुक्रवार को प्रयागराज पहुंची। प्रयागराज जनपद की सीमा शंकरगढ़ के अमिलिहाई चौराहे पर स्थानीय लोगों ने सामाजिक न्याय रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने रथयात्रा में शामिल सभी लोगों को माला पहनाई। स्वागत समारोह से गदगद राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू रामपाल ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से पिछड़ी जातियों को बराबरी का दर्जा दिलाने, राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए यह निकाली गई है। कर्वी, चित्रकूट से होते हुए सामाजिक न्याय रथयात्रा को प्रयागराज की धरती पर बारा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का द्वारा दिए गए सम्मान और स्नेह का मैं दिल से शुक्रगुजार हूं। बाबू रामपाल ने कहा, सामाजिक न्याय रथयात्रा निकालने का हमारा मकसद समाज के पिछड़े लोगों को उनका हक दिलाना है। हमारी पार्टी इसी उद्देश के साथ कार्य कर रही है राजनैतिक रूप से हर समाज के पिछड़े हुए लोगों को राजनैतिक भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हम यह रथयात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक कर सरकार को संदेश देना चाहते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, राजमणि पाल, श्याम लाल पाल गोझवार, अनुपम पाल, सत्यम पाल जगदीशपुर, मनोज पाल, रमाकांत पाल पूर्व बीडीसी, अभयराज पाल, हनुमान प्रसाद पाल आदि लोग मौजूद रहे।

हेल्थ कैंप में 355 लोगों ने करवाई जांच

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निशुल्क चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया। इस हेल्थ कैंप का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। भाजपा के द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को पूर्वाह्न दस बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ आयोजित हेल्थ कैंप में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। भाजयुमो युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सुधाकर पांडेय के मार्गदर्सन में ब्लॉक एवं युवा मोर्चा टीम के सहयोग से इस कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान लगाई गई कैम्प में 355 लोगों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन इत्यादि की जांच हुई और दवा वितरित की गई। शिविर को संपन्न करवाने में सीएचसी के अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह, डा. पुनीत कुमार, डा. अनूप सिंह, डा. अजय केसरवानी, उदय प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट करन सिंह, फार्मासिस्ट अरविंद सिंह, आयुष, श्रेयांश के अलावा जिलामंत्री शिवराम सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, सोमनाथ वर्मा, रत्नाकर सिंह पटेल, सुमित त्रिपाठी, नितेश कुमार, आशीष शुक्ल,सत्यम गिहार, रजनीकांत समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सामाजिक न्याय सप्ताह

सीएचसी शंकरगढ़ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जंघई जंक्शन पर जाने के लिए किया रास्ता बंद, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

जंघई। जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर तीन की तरफ जाने वाले रास्ते को रेलवे द्वारा बंद किये जाने से नाराज लोगो ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा। जंघई स्टेशन पर सौंदर्यीकरण एवं विस्तारिकरण का कार्य चल रहा है जिसके कारण प्लेटफार्म नंबर तीन की तरफ जाने वाले रास्ते को ईंट की दीवार जोड़ कर रास्ता बंद कर दिया गया है, मछलीशहर, मुंगरा बादशाहपुर की तरफ से आने वाले यात्रियों को चक्कर लगाकर रेलवे क्रासिंग पार करके प्लेटफॉर्म नंबर एक से होकर स्टेशन जाना होगा इससे स्थानीय लोगों मे नाराजगी है।शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव के नेतृत्व मे लोगों ने धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा है कि मछलीशहर सड़क से जंघई स्टेशन के उत्तर तरफ से स्टेशन पर जाने के लिए बना हुआ पीडब्ल्यूडी संपर्क मार्ग को बंद न किया जाए, जंघई स्टेशन दोनों तरफ से कस्बा एवं गांव से घिरा हुआ है केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार से मांग है कि जंघई स्टेशन के पूर्वी छोर पर बाहर जाने के लिए ऊपरगामी पुल बनाया जाए। जंघई स्टेशन पर यात्रियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए एक वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ आरक्षण काउंटर नंबर 1142 शीघ्र खुलवाया जाए। जंघई स्टेशन के निर्माण कार्यों में घटिया किस्म का ईंट, सीमेंट, बालू, सरिया, गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। विकास कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए जंघई स्टेशन के पश्चिम छोर पर बने ओवरब्रिज को उत्तर तरफ से सम्पर्क मार्ग में जोड़ दिया जाए।किसान नेता राजनाथ यादव ने थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता के माध्यम से रेलवे बोर्ड के नाम का ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर जयप्रकाश पटेल, बाबूराम, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद शफीक, सोनेलाल, सबिता पटेल, उर्मिला, सोनेलाल, शीला, धर्मराज पटेल, रामसनेही पटेल, राकेश, राममूर्ति आदि किसान लोग उपस्थित रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मेला का हुआ आयोजन

जसरा। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अन्तर्गत सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत युवा मोर्चा जसरा मंडल व मनकामेश्वर मंडल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मेला का आयोजन ग्राम सभा पांडर के पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष जसरा रामजी त्रिपाठी ने किया। स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी जसरा के अधीक्षक डा० तरुण पाठक ने शिविर में आने वाले मरीजों की निःशुल्क जांच के बाद लोगों को दवाइंया उपलब्ध कराये। शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी अपनी जांचे कराई। जिसमें थाइराइड, ब्लड प्रेशर,सुगर सहित जांच के कई स्टाल लगाये गये थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी व संचालन सुधांशु मिश्र ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री यमनापार कमलेश त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,आशीष सोनकर, दीपचंद्र मोदनवाल,राम जी त्रिपाठी, विवेक भदौरिया सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मांडा में विवाहिता की पेड़ से लटकता मिला शव , हड़कंप

सिरसा। मांडा थाना अंतर्गत गिरधरपुर (भरथीपुर-मौखरी) में पति के अवैध सम्बन्धों की बगावत करना विवाहिता को महंगा पड़ गया। बीती रात पति ने ही उसे मौत के घाट उतार कर शव दरवाजे के बाहर नीम के पेड़ पर लटका दिया। सुबह परिजनों समेत ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा तो खलबली मच गई। वहीं सूचना पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। मृतका का पति मौके पर फरार हो गया है।

मांडा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर-भरथीपुर (मौखारी) निवासिनी विद्या देवी (35) पत्नी कमलेश हरिजन का शुक्रवार की सुबह दरवाजे के समीप नीम के पेड़ पर लटकता शव देख परिजनों सहित ग्रामीणों में खलबली मच गई। मृतका के हाथ रस्सियों से बंधे मिले। वहीं सूचना पर इंस्पेक्टर सुभाष सिंह यादव, एसएसआई रामकेवल यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके वारदात पर पहुँचें। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।वहीं सूचना पर मृतका के मायके वाले भी रोते बिलखते पहुँचें। मायके वालों ने मृतक के पति पर अवैध सम्बन्धों की बगावत में हत्या कर शव पेड़ से लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। मायके पक्ष के लोगो का आरोप है कि बीते थाना दिवस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही किया।

मण्डलायुक्त ने की महाकुंभ 2025 के आयोजन के दृष्टिगत प्राधिकरण कार्यालय में बैठक

पेंट माय सिटी थीम पर चमकेगा प्रयागराज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता एवं मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द की उपस्थिति में प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई०सी०सी०सी० सभागार में महाकुम्भ 2025 के आयोजन के दृष्टिगत एवं प्रयागराज को देश के सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रस्तुतियों की गयी। इसमें नगर निगम प्रयागराज द्वारा सिटी सेनीटेशन, एयर क्वालिटी एक्शन, पार्कों के जीर्णोद्धार, - पार्किंग स्थलों के विकास, आवारा पशुओं, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, पब्लिक टॉयलेट्स / कम्यूनिटी टॉयलेट्स, स्ट्रीट लाइटिंग तथा स्ट्रीट वेडिंग सम्बन्धित प्लान्स पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसी क्रम में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अक्षयवट सरस्वती कूप, पातालपुरी मन्दिरों के साथ-साथ शहर के विभिन्न स्थलों के सौन्दर्यीकरण हेतु कराये जा रहे विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा की गयी।सर्वप्रथम प्रयागराज शहर को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी बनाने के दृष्टिगत नगर निगम प्रयागराज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों के स्कोप का गैप एनालिसिस करने का सुझाव देते हुए महाकुम्भ 2025 के पहले। सड़कों को कूड़ामुक्त बनाने तथा पूरे जनपद में कूड़े का डोर टू डोर कलेक्शन सुनिश्चित किये जाने हेतु अपील की। इसके अतिरिक्त जनपदवासियों में स्वच्छता को और बढ़ावा देने के दृष्टिगत स्वच्छता हेतु आवश्यकता अनुसार कार्यशालाएं आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कम्यूनिटी/पब्लिक टॉयलेट्स की समीक्षा करते हुए पूर्व में बनाये गये टॉयलेट्स में आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने तथा जिन स्थानों में नये टॉयलेट्स बनाने की आवश्यकता है, उनका चिन्हांकन कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही शहर के जिन भी स्थानों में खुले में शौच होने की सम्भावना है अथवा होती है, वहाँ पर इन टॉयलेट्स को आवश्यक रूप से बनवाने को कहा।जनपद को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने हेतु अक्षयवट पातालपुरी, सरस्वती कूप, द्वदश माधव तथा भारद्वाज आश्रम का भव्य सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिये तथा डिजिटल म्यूजियम को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की दृष्टि से भी विकसित करने को कहा। इसी क्रम में पर्यटन विभाग को प्रयागराज के विभिन्न मन्दिरों, जिनके जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की आवश्यकता है, उसकी सूची तैयार करने को कहा गया है। इसी क्रम में जनपद की ट्रैफिक समस्यों के निराकरण, जिन ट्रैफिक चौराहों पर रोटरी को बड़ी करने की आवश्यकता है, उसका भी चिन्हांकन करने को कहा गया है। चौक, कटरा एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले मार्केट को एक थीम पर विकसित करने पर भी चर्चा की गयी तथा इसके क्रियान्वयन हेतु एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये।कुम्भ 2019 की भाँति महाकुम्भ 2025 में भी पेन्ट माई सिटी के अन्तर्गत शहर के विभिन्न स्थानों को कुम्भ की थीम पर सजाया जायेगा तथा सेल्फी प्वाइंट बनाये जाएगें। इस कार्य हेतु सम्बन्धित विभागों को नये स्थानों के चिन्हींकरण हेतु सर्वे करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में सभी सम्बन्धित विभागों को उनके द्वारा बनायी गयी सड़कों का सुदृढीकरण करते हुए डिवाइडर की पेन्टिंग कराने के भी निर्देश दिये गये हैं।सभी कार्यों का समय से क्रियान्वयन हेतु मेलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के नोडल अधिकारियों को अपने अपने कार्यों का टाइम लाइन युक्त कार्ययोजना 15 दिन के अन्दर प्रेषित करने को कहा है। प्रयागराज शहर को हर क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के दृष्टिगत यथासम्भव कम्यूनिटी पार्टीसिपेशन कराते हुए मीडिया के माध्यम से इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को भी कहा गया है।

होमियो फ्रेंड्स के तत्वाधान में 18 वॉ नेशनल होमियो फ्रेंड्स साइंटिफिक कांग्रेस एवं अवॉर्ड

सेरेमनी का आयोजन 9 अप्रैल को

प्रयागराज। होमियो फ्रेंड्स के तत्वाधान मैं 18 वॉ नेशनल होमियो फ्रेंड्स साइंटिफिक कांग्रेस एवं अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन 09 अप्रैल 2023 को की.जी.एम. बैंकट हॉल, केपी ग्राउंड कैंपस, सिविल लाइंस प्रयागराज उ.प्र. में होगा। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 150 होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल होंगे। साइंटिफिक सत्र में बड़ोदा, गुजरात की डॉक्टर हिमा मिहिर पारीक चैलेंज ऑफ मैनेजिंग सेरेब्रल पाल्सी होम्योपैथी द्वारा, डॉक्टर निशांत लखनऊ ऑटोइम्यून डिजीज विषय पर, गाजीपुर के डॉक्टर विजेंद्र प्रताप सिंह रोल ऑफ होम्योपैथी एंड थेरेपीटिक्स विषय पर, कोलकाता से पधारें बंगाल के राजपाल के होम्योपैथिक फिजिशियन डॉक्टर आलोक मिश्रा ऑब्जरवेटिव फैंटम ऑफ पेशेंट विषय पर तथा लखनऊ के डॉक्टर पंकज – डीफॉर्म जॉइंट ऑफ चिल्ड्रन एंड होमियो ऑर्थो हीलिंग विषय पर अपने शोध पत्र के माध्यम से व्याख्यान देंगे इस अवसर पर विशेष आमंत्रित आमंत्रित अतिथि के रूप में होम्योपैथी विश्वविद्यालय राजस्थान के उपाध्यक्ष चूरू के डॉक्टर अमर सिंह शेखावत, जयपुर से प्रोफेसर डॉ सिंह, विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश से डॉक्टर के. आर. के. प्रभाकर मूर्ति कैमूर बिहार से डॉक्टर अमलेश राव, लखनऊ से डॉक्टर गिरीश गुप्ता, हरिद्वार उत्तराखंड से डॉक्टर पवन सिंह, प्रयागराज के प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर शरद शांगलू, गाजीपुर से डॉक्टर एमडी सिंह, मुरादाबाद के डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह, सिद्धार्थनगर के डॉक्टर भास्कर शर्मा सहित विभिन्न प्रदेशों से होम्योपैथिक चिकित्सक सेमिनार में शामिल होंगे। अवॉर्ड सेरिमनी में चिकित्सकों को होमियो रत्ना, होमियो भूषण, होमियो श्री, होम्यो गौरव, डॉक्टर हैनिमन अवार्ड तथा जीवंत युगपुरुष सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ एमपी सिंह द्वारा संपादित होमियो फ्रेंड स्वास्थ्य पत्रिका के 18 अंक का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुप्ता आयोजन सचिव डॉ रोहित गोपाल संयोजक डॉ० आर.के. तिवारी तथा होम्योपैथ के सचिव डॉ राजीव रतन राय हैं।

व्यापारी से पांच लाख की टप्पे बाजी

नैनी स्टेशन तक पुलिस छानबीन करने पहुंची

अखंड भारत संदेश

कीडगंज पुलिस देर रात नैनी स्टेशन आरोपियों की तलाश में छानबीन करने पहुंची

प्रयागराज। कीडगंज थाना क्षेत्र के रामबाग स्थित होटल अभय के पास टप्पेबाजों बैग गायब कर दिया। टप्पेबाजों ने मुट्ठीगंज गंज से व्यापारी की कार पंचर कर उसका पीछा किया। कार की स्टेपनी बदलने के दौरान टप्पेबाजों ने वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित ने कीडगंज थाने में मामले की तहरीर दी है। वहीं टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले टप्पेबाजों की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में आ गई। जिसे लेकर पीड़ित और कीडगंज पुलिस देर रात नैनी स्टेशन आरोपियों की तलाश में छानबीन करने पहुंची मुंगरा बादशाहपुर, जौनपुर के रहने वाले कपिल चौबे पुत्र अनिल चौबे सीमेंट से राख बनाने वाले फ्लॉयस के व्यापारी हैं। गुरुवार की दोपहर कपिल अपने बड़े पिता कैलाश चौबे के साथ मुट्ठीगंज स्थित रहने वाले व्यापारी राजा गुप्ता से पेमेंट लेने आये थे। व्यापारी ने कपिल को 05 लाख रुपए नकद दिए, जिसे कपिल ने अपनी निजी कार की पिछली सीट पर रख दिया। उसी दौरान वहां से कुछ दूर पहुंचे टप्पेबाजों ने बताया कि उनकी कार पंचर है। कपिल ने कार को वहां नही रोका वह सीधे रामबाग स्थित होटल अभय के पास कार की स्टेपनी बदलने लगे। उसी दौरान मुट्ठीगंज से इरिक्से से पीछा करते हुए टप्पेबाज रामबाग तक पहुंच गए और जैसे ही कपिल स्टेपनी बदल रहे थे, उसी दौरान टप्पेबाज उनका पांच लाख रुपये एंव कागजात से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पहिया बदलने के बाद जब कपिल ने पीछे देखा तो उनके होश उड़ गए। कार से बैग गायब था। फौरन कपिल ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो इरिक्से से आये टप्पेबाज उसमें दिख गए। व्यापारी कपिल अपने बड़े पापा कैलाश चौबे व हाईकोर्ट के अधिवक्ता के जनार्दन प्रसाद पटेल और कीतगंज पुलिस के साथ नैनी स्टेशन, वहां के होटल समेंत अन्य स्थानों पर तटप्पेबाजो की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका।

प्रॉपर्टी डीलर किडनैपिंग में अतीक, उसके बेटे पर आरोप तय

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उमेश पाल अपहरण केस में उम्र कैद की सजा काट रहे माफिया अतीक अहमद पर किडनैपिंग के एक और केस में आरोप तय किए गए हैं। शुक्रवार को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने प्रॉपर्टी डीलर अपहरण केस में अतीक के अलावा उसके बेटे उमर सहित 12 लोगों पर आरोप तय किए। उधर, पेशी पर कोर्ट पहुंचे उमर ने कहा कि घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है।

2018 में प्रॉपर्टी डीलर के साथ देवरिया जेल में हुई थी मारपीट

अतीक अहमद दिसंबर 2018 में यूपी की देवरिया जेल में बंद था। उस समय लखनऊ के आलमबाग में रहने वाला कारोबारी मोहित जायसवाल उससे मिलने जेल में आया था। बाद में उसने आरोप लगाया था कि अतीक के गुर्गे उसे जबरन लखनऊ से उठाकर एसयूवी से देवरिया जेल ले गए थे। जेल में अतीक अहमद से मुलाकात कराई गई। जेल में अतीक के बेटे उमर और गुर्गों ने उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही करोड़ों की जमीन के कागजों पर जबरन साइन करा लिए थे। मोहित से अतीक के गैंग ने रंगदारी भी मांगी थी।

27 मार्च को खारिज की गई थी डिस्चार्ज एप्लिकेशन

इस केस को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अजय विक्रम सिंह देख रहे हैं। उन्होंने मामले में आरोपी अतीक और उसके बेटे उमर को आरोपों से मुक्त (डिस्चार्ज) करने की अर्जी 27 मार्च को खारिज कर दी थी। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 7 अप्रैल की तारीख तय की थी।

न्यूज झरोखा

यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर बोले गये सात वचनों को जीवंत किया गया

नैनी, प्रयागराज। शुआट्स के यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे (शुभ शुक्रवार) के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गयी जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बोले गए सात वचनों को जीवंत किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने यीशु मसीह के सातों वचनों को बताया गया। कार्यक्रम में बिशप आर.बी. लाल द्वारा रचित भजन खुशखबरी का ये कलाम हम सुनाते जायेंगे, यीशु मसीह राजा है जावे आगेगे, जीवनदाता है मुक्तिदाता, आ हो यीशु प्रभो मेरो दाता की प्रस्तुति दी गई। सोशल मीडिया यू-ट्यूब पर कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। पहला वचन हे पिता इन्हें क्षमा कर...के बारे में पास्टर डॉनी राबट्र्स ने बताया। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के महान आदर्शों का समझाते हुए सदैव अच्छे कार्य करने, लोगों की मदद करने, क्षमा करने की बात कही। दूसरा वचन आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा... को डीन डा. आशीष एलेक्जेंडर ने बताया और कहा कि यदि आप प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करेंगे तो आपको अनन्त जीवन प्राप्त होगा। अनीता सिंह ने तीसरा वचन हे नारी ये तेरा पुत्र है.... के बारे में सुनाते हुए कहा कि हमें इस संसार में प्रभु की बताई आज्ञाओं का पालन करना चाहिये, अपने माता-पिता का आदर करना चाहिये। चैथा वचन ह्यह्यएली एली लामा शबक्तनी को पास्टर बृजेश कुमार ने तथा पांचवा वचन मैं प्यासा हूँ.. के बारे में रेव्ह. जय प्रकाश ने सुनाया। छठा वचन पूरा हुआ को पास्टर ग्लैडविन चरन ने बताया। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने पृथ्वी पर मनुष्यों के उद्धार का कार्य पूरा किया। सातवा वचन मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ को रेव्ह. वी.के. सिंह ने सुनाया। कार्यक्रम में यीशु दरबार की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल, कार्यवाहक कुलपति प्रो0 रानू प्रसाद, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, कार्यवाहक कुलसचिव डा. एस.डी. मैकार्टी, संयुक्त कुलसचिव डा. सी. जॉन वेस्ली, निदेशक एचआरएम डा. अभिलाषा लाल, जनसम्पर्क अधिकारी डा. रमाकान्त दूबे, यूनिवर्सिटी चैपलिन लालचुंगनुंग गैंगटे सहित भारी संख्या में शुआट्स शिक्षक, कर्मचारीगण एवं यीशु दरबार चर्च के सदस्य उपस्थित थे।

16 अप्रैल को निकलेगा पेंशन संवैधानिक मार्च

शंकरगढ़। पेंशन संवैधानिक मार्च की सफलता के लिए अटेवा की जिला संयोजिका की अगुवाई में शिक्षकों व कर्मचारियों की बैठक शंकरगढ़ में हुई । बैठक के माध्यम से सभी लोगों से अपील की गई कि 16 अप्रैल को निकलने वाले पेंशन संवैधानिक मार्च में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं। अटेवा की जिला संयोजिका नीलम सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को अटेवा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला जाएगा। उसी के तहत प्रयागराज में भी 16 अप्रैल को डायट से पत्थर गिरिजाघर तक मार्च निकाला जाएगा। जिसमें हम पेंशन विहीन साथियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर आंदोलन को सफल बनाना है। बैठक में उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से अभी से संपर्क करना शुरू कर दें, जिससे 16 अप्रैल को भारी संख्या में लोग पेंशन संवैधानिक मार्च का हिस्सा बन सकें। पेंशन हम सबका हक है, उसे हम लेकर रहेंगे। इसके लिए हम सबको विजय कुमार बंधु द्वारा जो आह्वान किया जाए, उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना है। नीलम सिंह ने बताया कि अन्य प्रदेशों में जो पुरानी पेंशन बहाल हुई है, वहां के कर्मचारियों की एकजुटता का नतीजा है। जब हम सब एक रहकर पुरानी पेंशन की मांग को रखते रहेंगे तो आज नहीं तो कल, सरकार को हमारी मांग माननी पड़ेगी और पुरानी पेंशन जरूर बहाल होगी। इस मौके पर कुंवर बृजेश सिंह जिला संगठन मंत्री, कमलेश सिंह जिला संगठन मंत्री, दिनेश सिंह ब्लाक संयोजक, शेष प्रताप सिंह ब्लाक अध्यक्ष वैचारिक शिक्षक संघ, मनीष सिंह, बालेंद्र सिंह, गरुण सिंह, अरूण सिंह, कमलेश कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

सोरांव अस्थाई गौशाला देख गदगद हुए विशेष सचिव, थपथपाई अधिकारियों की पीठ

कमजोर गोवंश के लिए अलग से पशु शेड बनाने का दिए निर्देश

सोरांव। शुक्रवार को सरकार की योजना को धरातल पर निरीक्षण करने व योगी सरकार में पशुओं को विशेष निगरानी के लिए सोरांव ब्लॉक के अस्थाई गोआश्रय स्थल का निरीक्षण करने विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग डॉक्टर रूपेश कुमार संग अधिकारियों का दौरा रहा। जिसमे से कान्हा गोआश्रय स्थल असवा उर्फ हाजीगंज और अस्थाई गोआश्रय स्थल सोरांव का औचक निरीक्षण किए। हालांकि दोनों स्थानों पर मौजूद मवेशियों को देखकर तथा उनकी देखरेख, साफ सफाई आदि पर विशेष सचिव ने संतुष्टि जाहिर की। तथा सोरांव गो आश्रय स्थल पर कमजोर और बीमार पशुओं के लिए एक अलग से पशु शेड निर्माण करने की भी सलाह दिया। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में मौजूद भूषा, चोकर आदि को भी चेक किए। गौरतलब है कि मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक अंतर्गत निर्माण अस्थाई गौवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गौशाला में सभी पशु ठीक मिले।गौशाला में विशेष सचिव द्वारा बीमार और कमजोर गौवंश के लिए अतिरिक्त शेड में जाली लगाने और साफ-सफाई के लिए भी ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार को निर्देशित किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी राजकुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार , ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, ग्राम प्रधान शाहिद अली,पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव चौकीदार,सफाई कर्मचारी प्रेम पटेल संग सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

लापता पूर्व प्रधान का बेटा फतेहपुर में मिला

मेजा। मेजा थाना क्षेत्र में पकरी सेवार गांव की पूर्व प्रधान का बेटा बीते मंगलवार को अचानक घर से लापता हो गया था। जिसे लेकर परिजन हताश व परेशान थे। वहीं युवक के बरामद होने पर पूर्व प्रधान समेत परिजनों ने खुशी प्रकट किया।पकरी सेवर गांव की पूर्व प्रधान सिंगारी देवी पत्नी बेचन राम का बेटा मनदीप उर्फ मोनू मंगलवार की दोपहर घर से खाना खाकर दुकान के लिए निकला था। रास्ते से ही अचानक लापता हो गया। परिजनों ने हर संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन किया। लेकिन लापता युवक का कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने तहरीर देकर पुलिस से भी गुहार लगाई। स्वयं खोजबीन में जुटे रहे। वहीं परिजनों को उस समय राहत मिली। जब परिजनों को फोन से यह जानकारी मिली कि उनका लापता बेटा फतेहपुर में है। वहीं बीती देर रात बेटे के मिलने की सूचना पर परिजन लेने के लिए घर से फतेहपुर निकल गए। परिजनों द्वारा युवक को घर लाया गया, तो परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं देखा गया कि डरा सहमा मनदीप परिजनों को कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। फिलहाल बेटे के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

सड़क पर उतरे जूनियर डॉक्टर, निकाला कैंडल मार्च

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों व तीमारदारों के बीच हुई मारपीट का मामला बढ़ता जा रहा है। जूनियर डॉक्टर गुरुवार रात से ही कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। तीमारदारों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जूनियर डॉक्टरों ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। इसके विरोध में शुक्रवार शाम को कैंडल मार्च निकाला। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर में जुटे सैकड़ों जूनियर डॉक्टर हाथों में मोमबत्ती लेकर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज गेट तक पहुंचे। यह हाथों में अपनी मांगों के समर्थन में लिखे स्लोगन वाले तख्तियां व बैनर भी लेकर चल रहे थे। सभी ह्वी वांट जस्टिस, एक-दो-तीन-चार, बंद करो ये अत्याचारह्व जैसे नारे भी लगा रहे थे। यहां मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह को अपने मांगों के समर्थन में ज्ञापन भी सौंपा।

कल भी नहीं चलेगी डॉक्टरों की ओपीडी : जूनियर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, एसआरएन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजय कुमार सक्सेना समेत सभी विभागाध्यक्षों को ज्ञापन दिया। जूनियर डॉक्टरों ने कहा, उनके साथ अस्पताल में मारपीट जैसी घटनाएं होती हैं। ऐसे में उनके सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। शुक्रवार को अस्पताल में पूरे दिन जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर रहे। निर्णय लिया गया है कि शनिवार को भी ओपीडी नहीं चलेगी।

इलाज को लेकर शुरू हुआ था विवाद : दरअसल, प्रतापगढ़ का एक 70 वर्षीय मरीज 26 अप्रैल को एसआरएन अस्पताल के सर्जरी विभाग में भर्ती हुआ था। यहां उसका ऑपरेशन किया गया था। गुरुवार की देर शाम तीमारदार और मरीजों के बीच इलाज को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीमारदार ने जूनियर डॉक्टर को मार दिया। इसके बाद बड़ी संख्या में जुट जूनियर डॉक्टरों ने तीमारदार को भी पीटा। रात में ही जूनियर डॉक्टर कार्य बहिष्कार करते हुए बाहर आ गए और नारेबाजी करने लगी। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स बुला ली गई थी।

मेजा ब्लाक परिसर में सांसद ने 40 दिव्यांगजनों को वितरित किया मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। मेजा ब्लाक परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रयागराज द्वारा आयोजित समारोह के बीच मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने 40 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और 8 को साइकिल वितरित की। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग ट्राईसाइकिल से वंचित रह गए हैं उन्हें जल्द ही इसका लाभ दिलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना है। इसके लिए सरकार लगातार दिव्यांगजनों के हित में कार्य कर रही है।दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की जरूरत थी और इसे शासन ने पूरा किया है। दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध होने से अब वे बिना किसी कष्ट से अपना सफर कर सकेंगे। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और ब्लाक स्तर पर उनका लाभ दिव्यांगों को मिल रहा है।प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा और संचालन प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में उप जिला अधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय,जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी नंद किशोर याज्ञिक, सहायक विकास अधिकारी (समाज) शुशांतु पांडेय,पूर्व विधायक आनंद पांडे उर्फ कलेक्टर पाण्डेय,पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा प्रेमशंकर शुक्ला मुन्नन , भाजपा नेता राजू शुक्ला आशीष मिश्रा,नमामि गंगे के जिला संयोजक अमरेश तिवारी,बाबा ओझा, नेहा केसरी,मंडल अध्यक्ष श्याम राज यादव,मंडल अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, रंजय मिश्रा,शामी शुक्ला,जिला मंत्री विक्रमादित्य मौर्य, तपस्वी तिवारी, मंडल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल,जिला कार्यसमिति सदस्य रूपनारायण मिश्र,संजय तिवारी, राजेश द्विवेदी, बुलबुल तिवारी, हिमांशु शुक्ला समेत दिव्यांजन मौजूद रहे।

ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों की सर्वे रिपोर्ट में की गयी हेरा फेरी, आक्रोश

लेडियारी। कोरांव तहसील अंतर्गत 31 मार्च को भीषण ओलावृष्टि से कोरांव तहसील के कई गांव प्रभावित हुए थे। तहसील प्रशासन द्वारा टीम बनाकर प्रभावित गांवों मे नुकसान हुई फसल का सर्वे कराया गया। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावित गांवों की सूची को बदलकर उन गांवो को सूची में सम्मिलित किया गया है जो प्रभावित नहीं है या 19 मार्च को हुए ओलावृष्टि में शामिल हो चुके हैं। विदित हो कि 19 मार्च को हुई बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से तहसील के लगभग 20गांव प्रभावित हुए थे। जिसमे 4816 किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए फीडिंग कराकर तहसील से शासन को भेज दी गई है। 31 मार्च को तहसील के बरहा देवरी अरूआरी डीहीखुर्द खिवली (भगतपुर)आदि गांव में पुनः भीषण ओलावृष्टि और बेमौसमी बरसात हुई। राजस्व व कृषि विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया गया। सर्वे टीम ने 33% से अधिक की हुई क्षति की रिपोर्ट भी तहसील प्रशासन को सौंप दी है। किसानों का आरोप है कि उन गांव को पुनः सम्मिलित कर लिया गया जो पहली बार ओलावृष्टि से प्रभावित सूची में फीड हो चुके हैं। इस संबंध में विधायक राजमणि कोल ने कहा कि प्रभावित एक भी गांव नहीं छूटेगा। यदि सर्वे में गड़बड़ी हुई होगी तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रवि गुप्ता प्रदेश संगठन मंत्री व राहुल यादव को भारतीय पत्रकार संघ का बनाया जिला संगठन मंत्री

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द्र द्विवेदी के निर्देशन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मलय समीर शर्मा ने संगठन की मजबूती एवं एकजुटता के दृष्टिगत हर वर्ग के लोगों के समायोजन को लेकर जनपद प्रयागराज के मेजारोड के वरिष्ठ पत्रकार विशम्भर नाथ गुप्ता के पुत्र पत्रकार रवि गुप्ता को उत्तर प्रदेश का सर्वसम्मति से संगठन मंत्री बनाया है।वहीं प्रयागराज मंडल अध्यक्ष हरिश्चन्द्र त्रिपाठी के प्रस्ताव पर राहुल यादव को जनपद प्रयागराज का जिला संगठन मंत्री बनाया गया।उक्त दोनों पदाधिकारियों के चुने जाने पर क्षेत्रीय पत्रकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुऐ आशा व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारियों के संगठन मे जुड़ने से पत्रकारों मे एकजुटता हो सकेगी।इस अवसर पर भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष नीरज मिश्र, यमुनापार जिलाध्यक्ष संजय शुक्ल, तहसील अध्यक्ष मेजा आशीष शुक्ल, उपाध्यक्ष सुशील दुबे,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजा सीपी सिंह, महामंत्री मेजा अतुल तिवारी,पंकज गुप्ता, आदि पत्रकारों ने रबि गुप्ता व राहुल यादव के चयन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पलरा विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पलरा विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 08/04/2023 से 15/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/04/2023 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

दिलीप कुमार पांडेय
पंचायत सचिव
विकास खण्ड सरसवा
जनपद कौशाम्बी

सुमित कुमार
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पलरा
विकास खण्ड सरसवा
जनपद कौशाम्बी

एसपी ने लालगंज तथा लीलापुर थानों में कसी मातहतों की पेंच, थानों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। एसपी ने नगर मे पुलिस गश्त के औचक निरीक्षण के साथ सीओ कार्यालय तथा कोतवाली का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। लालगंज के साथ लीलापुर थाने का भी निरीक्षण करते हुए पुलिस कप्तान फरियादियों की समस्याओं के समाधान को लेकर मातहतो का पेंच कसते दिखे। एसपी के आकस्मिक निरीक्षण मे सीओ कार्यालय तथा कोतवाली परिसर को साफ सुथरा बनाए रखने की मातहतो को सख्त हिदायत मिली। वही पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नगर के व्यापारियो व आम लोगो से भी बातचीत कर शांति व्यवस्था की भी स्थिति का अवलोकन किया।

जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल गुरूवार की देर शाम अचानक लालगंज आ धमके।

लालगंज कोतवाली मे औचक निरीक्षण करते एसपी।

कोतवाली पुलिस सीओ के साथ बाजार मे पैदल गश्त कर रही थी। एसपी सतपाल भी गश्त मे शामिल हो गये। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने हनुमत निकेतन मंदिर तथा चैक आदि स्थानो पर व्यापारियों तथा मौजूद मिले लोगों से कोतवाली क्षेत्र की शांति व्यवस्था के बाबत प्रबन्धो को लेकर पूछताछ की। एसपी ने व्यापारियो से शांति व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। इसके बाद वह सीओ कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यालय मे रखे अभिलेखो का निरीक्षण करते हुए रखरखाव के बाबत मातहतो को कर्रा किया। सीओ कार्यालय तथा परिसर मे एसपी ने साफ सफाई के प्रबन्ध नाकाफी मानते हुए सीओ को आवश्यक निर्देश दिये। कोतवाली के निरीक्षण मे पुलिस कप्तान देर रात तक जमे दिखे। एसपी ने कायार्लीय अभिलेखो पर पैनी नजर डालते हुए मुकदमों की प्रगति प्रति दिन सीसीटीएनएस में दर्ज कराए जाने के भी निर्देश दिये। महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण करते हुए पुलिस कप्तान ने महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई व निस्तारण और चुस्त दुरूस्त बनाने को कहा। एसपी ने कुछ महिला फरियादियों को हेल्प डेस्क मे तैनात महिला आरक्षी से फोन लगवाकर समस्या के समाधान की पुष्टि भी करवाई। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल को परिसर की बेहतरीन साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा। एसपी ने विवेचनाओ के निस्तारण मे थाने मे मौजूद दरोगाओ से भी कई बिंदुओ पर जानकारी मांगी तो दरोगाओं की घिघ्घी बंध आयी दिखी। निरीक्षण के पूर्व एसपी ने थाने मे पहुंचे अधिवक्ताओ तथा फरियादियो से भी बातचीत कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने मे सहयोग मांगा। लोगों से समस्याओ के बाबत पूछताछ के दौरान भी एसपी प्रार्थना पत्रो के निस्तारण मे समयबद्धता और निष्पक्षता को लेकर तल्ख मिजाज मे दिखे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रशिक्षु आईपीएस अमृत भी मौजूद रहे। इसके पहले पुलिस अधीक्षक ने लीलापुर थाने का भी औचक निरीक्षण किया। यहां भी निरीक्षण के दौरान विवेचनाओं के निस्तारण तथा प्रार्थना पत्रो के लंबित होने की दशा देख उनका पारा चढ़ आया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव को आगाह करते हुए पुलिस कप्तान बेहतर पुलिसिंग के निर्देश देते दिखे।

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से छह कलाकारों को मिला वाद्य अनुदान

यश भारती पुरस्कार विजेता डा0 शिवानी ने शासन ने प्रति जताया आभार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के संगीत कलाकारों में आज तब खुषी की लहर दौड़ गई, जब पहली बार आधा दर्जन से अधिक कलाकारों के खाते में उत्तर प्रदेष सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा वाद्य यंत्रों को खरीदने के लिये 12 हजार की धनराषि हस्तानांतरित की गई।

बता दें कि यष भारती पुरस्कार विजेता डा0 षिवानी मातनहेलिया ने यहां के कलाकारों को सरकार की इस योजना से अवगत कराया था और 25 संगीतज्ञों का आवेदन पत्र भेजवाया गया था जिसमें से पहली किस्त में आधा दर्जन संगीत कलाकारों को संस्कृति विभाग ने 12-12 हजार रुपये की धनराषि भेजा है। बताया जाता है कि यहां के कलाकारों को पहली बार शासन से यह सहायता मिली है जिसे लेकर उन्होंने खुषी जताई है। डा0 षिवानी मातनहेलिया ने संगीत कलाकारों के संगीत के वाद्य यंत्रों को खरीदने में सहयोग करने के लिये मुख्यमंत्री तथा संस्कृति विभाग के प्रति आभार जताया है। लाभान्वित होने वाले कलाकारों में डा0 षिवानी मातनहेलिया, डा0 वैभव कैथवास, अपूर्व चटर्जी, श्रवण कुमार गौतम, दीनानाथ शर्मा, विजय कुमार पाण्डेय शामिल हैं।

डा0 शिवानी मातनहेलिया।

होली होजरी चर्च में प्रार्थना करते इसाई समुदाय के लोग।

होली होजरी चर्च में भक्तिपूर्वक मनाया गया गुड फ्राइडे

शहर में निकाली गई हृदय विदारक झांकी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दहिलामऊ स्थित होली होजरी चर्च में गुड फ्राइडे का पर्व इसाई समुदाय द्वारा भक्तिपूर्वक मनाया गया। बता दें कि गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशू की मृत्यु मानव जाति के उद्धार के लिये क्रूस पर हुई थी। इस दिन प्रभु यीशू ने समस्त मानव जाति के पापों को अपने ऊपर लेते हुए अपनी जान दे दी थी। शुक्रवार की सुबह छह बजे गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। शाम तीन बजे इसाई समुदाय के होली रोजरी चर्च में एकत्र हुए। कूस-पथ की भक्ति के पश्चात महाप्रार्थनाएं हुई जिसमें विष्व शांति, मानव एकता, विष्वास, भारत देष में शांति सद्भाव आदि के लिये प्रार्थना की गई। इस दौरान फादर ग्रेगरी डिसूजा, फादर आनंद केवी जान ने प्रभु यीशू के दुखभोग की पूरी घटना को पढ़कर सुनाया। इस मौके पर सिस्टर अनीता, सिस्टर विन्सी, जोसफ जूलिया, सिंथिया दास, अषोक एक्का, संतोष दास, ल्यू इत्ते आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 प्रशोभ डिसूजा ने किया।

पीएम आवास मे अवरोध उत्पन्न करने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के पूरे फत्तेसिंह निवासी रामप्रकाश पटेल पुत्र देवनाथ पटेल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण मे प्रधान द्वारा कमीशन मांगे जाने का आरोप लगाया है। पीडित ने शिकायती पत्र मे कहा है कि उसका आबादी मे पुराना कच्चा मकान जीर्ण शीर्ण होने के कारण गिर गया है। इस स्थान पर वह प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत मिले आवास का निर्माण करा रहा है। पीडित का कहना है कि उसके एक मात्र विधवा पुत्री है जिसका भी स्वीकृत सरकारी आवास का निर्माण शुरू कराया गया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान दोनों आवासो के नाम पर स्वीकृत धनराशि मे कमीशन देने की शर्त थोप रहे हैं। शिकायती पत्र मे यह भी कहा गया है कि प्रधान के इशारे पर विपक्षी निर्माण कार्य मे बाधा उत्पन्न करते हुए उसे धमकी दे रहा है। एसडीएम ने मामले की जांच तहसीलदार को सौपते हुए समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये हैं।

200 प्रशिक्षणार्थियों को सदर विधायक ने बांटी सिलाई मशीन

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 200 प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य द्वारा प्रमाण पत्र और सिलाई मशीन वितरित की गई। टूल किट प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों में अधिकांश महिलाएं शामिल थीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत दिनेश कुमार चैरसिया उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत अपने संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना से महिलाएं प्रशिक्षण एवं निशुल्क टूल किट प्राप्त स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी तथा अपने घर की जीविका चला सकेंगी। उपायुक्त उद्योग द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के विषय में विस्तार से बताया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यकतानुसार ऋण लेते हुए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। जिला एमआईएस प्रबंधक, कौशल विकास मिशन वंदना सिंह ने महिलाओं को प्रेरित किया कि निशुल्क टूल किट के माध्यम वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती हैं एवं अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अनाम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी रोशन लाल उमर वैश्य, उद्यमी चंद्र प्रकाश शुक्ला, महिला उद्यमी रागिनी, सहायक प्रबंधक सपना सोनकर आदि उपस्थित थे।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना कार्यक्रम में बोलते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

एलायंस क्लब बेसहारा बच्चों को पालन पोषण में करेगा सहयोग

क्लब के साथ जुड़े दानदाताओं के सहयोग से अनाथ बच्चों का बनेगा सहारा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में शिशु बालगृह शुकुलपुर पहुंचकर वहां रह रहे बच्चों के लिए दूध, डाइपर आदि देकर उनके स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी ली। बच्चों को दिक्कत ना हो इसके लिए संस्था को क्लब की भावना से अवगत कराया। क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि पिछले महीने इंटरनेशनल बोर्ड की बैठक में 23-24 के लिए निर्वाचित इंटरनेशनल प्रेसिडेंट तृप्ति कौर जुनेजा सर ने क्लब के सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया था कि पूरे देश में अभियान चलाकर क्लब के पदाधिकारी शिशु, बच्चों, असहाय बच्चों व बेसहारा बच्चों की देखरेख का बीड़ा उठाए। जिससे उन अनाथ बेसहारा बच्चों को कोई कमी ना महसूस हो। उसी क्रम में क्लब के पदाधिकारी अपने दानदाताओं के सहयोग से यह अभियान का शुभारंभ आज शिशु गृह से दूध, डायपर आदि देकर किया गया। क्लब ऐसे बच्चों की सेवा करेगा जो अनाथ हैं व बेसहारा है। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब के इस अभियान से सभी को जोड़ना चाहिए। जिसे भगवान ने सक्षम किया है उसे बच्चों के लालन-पालन में सहयोग कर उन्हें भी मां-बाप की कमी महसूस ना हो अपना सहयोग करने की कृपा करें। इस अवसर पर सहयोग देने वालों में कुंदन उमरवैश्य, राजकुमार (राजू), संतोष कुमार, छेदीलाल, रेखा उमरवैश्य, प्राची गुप्ता, पीहू, सूरज कुमार, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, कमलाकांत प्रबंधक, अरविंद मिश्रा, सर्वेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, छाया शुक्ला, सुनीता शुक्ला इत्यादि मौजूद रहे।

भाजयुमो ने मण्डल स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

3630 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनपद के सभी मंडल में आयोजित किया गया जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। आयोजन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर देश का सबसे बड़ा स्वास्थ शिविर आयोजन कर रहा है।

इससे पहले भी भारतीय जनता युवा मोर्चा देश के प्रधान सेवक के जन्मदिन पर देश का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजन किया गया

स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सकगण।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ अपने सभी 30 मंडलों में यह कैंप आयोजित किया जिसमें स्वास्थ शिविर में 3630 लोगों ने स्वास्थ शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया मंडलों के नाम क्रमशः नगर, सदर, पृथ्वीगंज, गौरा, मोहनगंज, उदयपुर, लालगंज, नारायणपुर, रानीगंज, कुंडा, जेठवारा, लक्ष्मणपुर, मांधाता, किठावर, रामकोला आदि मंडलों में आयोजित हुआ नगर मंडल में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा जी रहे मुख्य लोग मौजूद रहे जिला महामंत्री नीति श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, मदन पाल, शैलेश मिश्रा, रितेश सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, रोहित, राहुल मौर्या, सौरभ कुमार, पंकज गुप्ता, सुमित पांडे, शिव अग्रहरि, प्रिंस पांडे, आशीष तिवारी, वीरेंद्र सिंह,धीरज सिंह आदि मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

चिकित्सा सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्यः संतोश मिश्रा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर मुख्यालय के अचलपुर वार्ड के भगवती मैरिज हॉल में शुक्रवार को नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष मिश्रा रहे। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा लिया गया। इसमें सरस्वती आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने लोगों का नेत्र परीक्षण किया। बता दें कि इन दिनों भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कर रही है। जिसके अंतर्गत इस नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों के नेत्र का परीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि चिकित्सा सेवा से बढ़कर कोई भी पुनीत कार्य नहीं है। इसके लिए युवा मोर्चा का प्रयास काफी सराहनीय है। इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष अंशुमान सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर लाल श्रीवास्तव, रामाश्रय पाल, सभासद धीरज सिंह, भाजपा नेता श्याम शंकर मिश्र, रोहित सिंह सहित अनेकों भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी,भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहयोग में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

आगजनी में गेंहू की फसल जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सार्टसर्किट से हुई आगजनी में खेत मे गेहूं की कीमती फसल जलकर खाक हो गयी। लालगंज कोतवाली के विरसिंहपुर गांव में शुक्रवार को सार्टसर्किट से खेत मे आग लग गयी। आगजनी की घटना के चलते गांव के संगमलाल की दो बीघे व रामसिंह का डेढ़ बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गयी। खेत के ऊपर से गुजर रही लाईन मे सार्टसर्किट होने से खेतो मे आग फैलते ही ग्रामीणों मे चीत्कार मच गया। आननफानन मे ग्रामीणों ने किसी तरह प्रयास कर आग पर काबू पाया।

कृषि विपणन निर्यात मंत्री का काफिला रुका आलापुर में

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान एवं कृषि विपणन निर्यात आलापुर दिनेश प्रताप सिंह शुक्रवार को बाई कार लखनऊ से कड़ा धाम महोत्सव मे शामिल होने के लिए जाते समय लगभग एक घंटे आलापुर स्थित पेट्रोल पम्प पर राजघराने परिवार के कुंवर मनीष सिंह ग्राम प्रधान कालाकाकर से औपचारिकता मुलाकात मे कहा कि इस बार गेहूं की अच्छी फसल होने के चलते किसानों का उचित मूल्य पर गेहूं की खरीद की जाएगी। किसी भी क्रय केंद्र पर किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। प्रदेश की सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। किसी भी प्रकार की किसानो की क्रय केंद्र पर अनियमितायें की शिकायत मिलने पर त्वरित कारवाई की जाएगी सरकार पुरी तरह किसानों के साथ खड़ी है। इस मौके पर मनीष सिंह, विजय कुमार पूर्व प्रधान रेवली, गौरव अग्रहरी, तीरथ, विकास कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, राहुल राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

घर में घुसकर युवक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या, हत्यारोपी हुए फरार, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कोंहडौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड गांव में आपसी रंजिश में घर में सो रहे युवक की दबंगों ने लाठी-डण्डे से पीटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दबंग पड़ोसी फरार हो गये। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

बता दें कि कोंहडौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड गांव में आपसी रंजिष के कारण बीती रात दस बजे सईद उर्फ चांद बाबू (30) को पड़ोसी दबंगों ने घर में घुसकर उसकी लाठी-डण्डे से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी मौत के बाद पड़ोसी भाग निकले। मामले की जानकारी होने पर मौके पर थाना प्रभारी अजीत शुक्ला पहुंचे और हत्यारोपियों की तलाष में पुलिस टीम को भेजा। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे मं लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। चांद बाबू की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

फोन पर बात करते महिला छत से गिरी, मौत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़/परियावां। नवाबगंज थाना क्षेत्र के किसुनदासपुर निवासी स्व० वासदेव पांडे की पत्नी विमला देबी (52) वर्षीय शुक्रवार की दोपहर अपने घर की छत पर फोन से किसी से बात कर रही थी कि अचानक बात करते हुए बिना रेलिंग की छत से नीचे गिर गई जिसके सिर से खून हो फव्वारा निकल पड़ा। परिजन लोग आनन फानन में एन टी पी सी ऊंचाहार ले गये जंहा उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक के दो बेटे आलोक पांडे व अभिषेक पांडे व एक बेटी है। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। इनका कालाकांकर गंगा तट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमे भारी संख्या मे लोग शामिल हुए सात्वना देने वालो का ताँता लगा रहा।

भारप महासंघ की तहसील इकाई भंग, गठन कल

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई कुंडा की कार्यकारिण को राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय के निर्देश पर अपरिहार्य कारणों से राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने भंग कर दिया है। नई कार्यकारिणी के मध्यावधि चुनाव के लिए प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ विजय यादव को नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए संयोजक नियुक्त किया गया है। निर्वाचन कमेटी में मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, आईटी सेल प्रांतीय प्रभारी मुन्ना मिश्रा व आनंद शुक्ला को सह संयोजक बनाया गया है। इस संबंध में एक आवश्यक बैठक 9 अप्रैल को कुंडा डाक बंगला में पूर्वान्ह 11:00 बजे आहूत की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संयोजक डॉ विजय यादव ने तहसील क्षेत्र के सभी प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से बैठक में शामिल होने की अपील की है। जिससे नई कार्यकारिणी का गठन जल्द हो सके।

घरेलू कलह में पति पत्नी में मारपीट, जख्मी

पट्टी, प्रतापगढ़। घरेलू कलह में पति पत्नी के बीच में मारपीट में दोनों जख्मी हो गए। दोनों पट्टी कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव की रहने वाली रेखा का अपने पति रवि उर्फ लल्लू से आए दिन घरेलू कलह होती रहती है। शुक्रवार को दोनों के बीच विवाद हो गया जिससे लल्लू का सिर फूट गया तो वही पत्नी रेखा को काफी चोटे आई। दोनों पट्टी कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

व्यापारी पुत्र के गोली से घायल होने पर दर्ज हुआ मुकदमा, जांच मे जुटी खाकी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। व्यापारी पुत्र को गोली लगने की घटना मे तहरीर मिलने पर पुलिस ने घटना के चैथे दिन शुक्रवार को दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी का केस दर्ज किया है। वहीं पीड़िता की तहरीर मे घटना को लेकर घर के पडोसी दो युवको समेत एक युवती पर घटना को घटित कराये जाने की शंका जताई गई है। लालगंज बाजार के हनुमान मंदिर रोड निवासी श्रीकांत कौशल की पत्नी मीना ने पुलिस को दी गई।

तहरीर मे कहा है कि बीती चार अप्रैल को उसका बेटा उत्कर्ष उर्फ गोलू बाइक से अकेले ननिहाल गया था। शाम करीब पांच बजे पीड़िता की बहन अर्चना के फोन पर सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर के पास एक ईट भटठे के सामने जेवई रोड पर बाइक सवार दो अज्ञात युवको ने उत्कर्ष को गोली मार दी है। घटना स्थल पर परिवारीजन पहुंचे तो उत्कर्ष गोली से घायल बेहोश मिला और वहां उसका मोबाइल व आधार कार्ड तथा कुछ पैसे भी नदारद मिले। परिजन इलाज के लिए उत्कर्ष को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां से रेफर होने पर उसे लखनऊ के मेदान्ता अस्पताल लेकर पहुंचे। मेदान्ता में अभी उत्कर्ष का इलाज जारी बताया जाता है। उत्कर्ष को पेट मे बायीं तरफ गोली लगी। तहरीर मे कहा गया है कि उसके पडोसी सदाशिव जायसवाल के पुत्र देवेश व शुभम एक युवती का साथ छोडने की धमकी दे रहे थे। पीडिता ने शंका जतायी है कि देवेश व शुभम तथा इनके घर आने वाले तीन दोस्तो द्वारा यह घटना कारित करायी गयी। तहरीर मे यह भी कहा गया है कि इसके पहले भी घायल उत्कर्ष पर दो बार हमला हो चुका है। वहीं तहरीर मे उत्कर्ष के फोन से उसकी निजी चैटिंग भी वायरल कर दिये जाने की बात कही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। वहीं तहरीर मे शंका के आधार पर तीन नामों को भी एफआईआर में अंकित किया गया है। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के आधार पर घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने कौशाम्बी महोत्सव-2023 का किया शुभारम्भ

- केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 612.94 करोड़ रुपए की लागत की कुल 117 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास कर जनपदवासियो को दी विकास की सौगात
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास की हर परियोजना का लाभ कौशाम्बी वासियो को प्राप्त होगा

कौशाम्बी महोत्सव : खिलाड़ी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी व आम जनमानस

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फसैया मैदान, कड़ाधाम में आयोजित समारोह में कौशाम्बी महोत्सव-2023 का शुभारम्भ तथा बटन दबाकर 612.94 करोड़ रुपए की लागत की कुल 117 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास (94 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 23 परियोजनाओं का शिलान्यास) कर जनपदवासियों को विकास की सौगात दी व सांसद खेल स्पर्धा के विजेता 11 खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा यूथ एशियार्ड विजेता सुनीता को कौशाम्बी खेलरत्न एवं राजेन्द्र प्रसाद मौर्य को कौशाम्बी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा ह्लकौशाम्बी स्मारिकाह्व पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कौशाम्बी की पवित्र भूमि को प्रणाम, मॉ शीतला देवी के चरणों में शीश झुकाकर एवं भगवान बुद्ध व भगवान पद्मप्रभु को प्रणाम करते हुए कहा कि कौशाम्बी की महान वीरांगना स्वतन्त्रता सेनानी दुर्गा भाभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने भगत सिंह के साथ मिलकर अंग्रेजों के दॉत खट्टे करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके सम्मान में उत्तर प्रदेश सरकार ने करेंटी पुल का नामकरण दुर्गा भाभी के नाम पर रखा है, हम सब के लिए आज भी दुर्गा भाभी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सांसद खेल स्पर्धा कराने की प्रेरणा दी है तथा सांसद विनोद सोनकर ने कौशाम्बी के खिलाड़ियो को सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद में 612 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने का कार्य किया गया है। भगवान महावीर स्वामी के समय के 16 महाजनपदों में से एक महाजनपद वत्स की राजधानी कौशाम्बी रहा है, उस समय के तत्कालीन महाजनपदो में कौशाम्बी सबसे समृद्ध था कलिंग विजय के बाद सम्राट अशोक भी यहॉ आकर रहें, भगवान श्रीराम ने यहॉ पर रात्रि विश्राम किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सांसद द्वारा आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में लगभग 16 हजार खिलाड़ियो ने ऑनलाइन पंजीकरण कराकर खेलना पसन्द किया एवं खिलाड़ियो को विभिन्न स्तरों पर पुरस्कृत किया गया। उन्होनें सभी खिलाड़ियां को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने उत्तर प्रदेश की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहॉ की जनता ने 2014 में मोदी पर भरोसा किया तथा उन्हें प्रधानमंत्री बनाया 2017 में योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री एवं 2019 एवं 2022 में भी आशीर्वाद देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित किया, प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनायें संचालित किया है, प्रधानमंत्री ने देश को समृद्ध किया एवं प्रधानमंत्री ने दुनियॉ में देश का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश योगी के नेतृत्व में विकास की राह पर चल पड़ा है, राज्य में एक्सप्रेसवे का बड़ा जाल बिछाने का कार्य किया गया है प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण की सभी योजनायें इतनी बड़ी मात्रा में उत्तर प्रदेश की जमीन पर उतारी हैं, कि आज उत्तर प्रदेश में घर-घर से गरीबी का उन्मूलन हो रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सिर्फ उत्तर प्रदेश में 46 लाख से ज्यादा लोगों को घर देने का कार्य किया है, 02 करोड़ 61 लाख घरों में शौचालय बनाया गया, 01 करोड़ 75 लाख माताओं को निःशुल्क गैस सिलेण्डर दिया गया, 10 लाख से ज्यादा रेहड़ी-पटरी वालों को स्वनिधि योजना का फायदा दिया गया, स्वामित्व योजना से 35 लाख परिवारों को लाभान्वित किया गया तथा ढ़ाई करोड़ से ज्यादा किसानों को 52 हजार करोड़ रुपए देने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया। हर गरीब को निःशुल्क राशन देने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य राम मन्दिर बन रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन के दौरान रामायण कालीन, बौद्धकालीन एवं आधुनिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समेटे हुए मॉ गंगा और यमुना के दोआब में स्थित कौशाम्बी जनपद में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से स्वागत एवं अभिनन्दन किया उन्होंने कहा कि कौशाम्बी के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को वैश्विक मंच पर कौशाम्बी महोत्सव प्रस्तुत करेंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन में भारत के युवाओं को खेल-कूद प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ने और स्वस्थ्य जीवन शैली के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए जिन प्रतिभागियों ने सांसद खेल स्पर्धा में भागीदारी की है, उन सभी प्रतिभागियों एवं विजेता खिलाड़ियां को हृदय से बधाई दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से सांसद विनोद सोनकर ने सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के माध्यम से हजारों युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है, यह सराहनीय कार्य है, इसमें डबल इंजन की सरकार का पूरा सकारात्मक सहयोग प्रदेश के सभी संसदीय क्षेत्र के युवाओं को प्राप्त होगा उन्होंने कहा कि जनपद 16 महाजनपदों में से एक महाजनपद वत्स की राजधानी रहा है। प्राचीन कालीन पृष्ठभूमि में मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने वनगमन के समय एक रात्रि इसी जनपद में व्यतीत किया था और ऐतिहासिक एवं पौराणिक परम्पराओं के साथ शक्तिपीठ की परम्परा कड़ाधाम, यह सदैव हर भारतवासी को कौशाम्बी जनपद की ओर आकर्षित कर ही लेता है। उन्होंने कहा कि इलाहाबादी अमरूद, जनपद कौशाम्बी का ही अमरूद है, यह भी जनपद कौशाम्बी को एक पहचान दिलाता है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं गृहमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की एक नई ऊँचाई की ओर आगे बढ़ रहा है, हर एक क्षेत्र में नई प्रगति की एक नई तस्वीर को प्रस्तुत कर रहा है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया है कि हर गॉव में खेल का मैदान होगा व हर विकास खण्ड में मिनी स्टेडियम होगा और जनपद के अन्दर स्टेडियम का निर्माण होगा, यह कार्य डबल इंजन की सरकार करायेंगी और युद्ध स्तर पर यह कार्य प्रारम्भ हो गया है प्रधानमंत्री बार-बार कहते हैं कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत, हर ग्राम पंचायत, हर नगर निकाय एवं हर जनपद को अपनी स्थापना का जन्मोत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2018 में कौशाम्बी महोत्सव में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, आज फिर गृहमंत्री के साथ यहॉ पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जो उत्साह उस समय देखने का मिल रहा था, वही उत्साह आज फिर देखने का मिल रहा हैं, एक ओर अपनी परम्परा और अपनी विरासत को आगे बढ़ाने का यह उत्साह और दूसरी तरफ विकसित भारत के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के संकल्पों के साथ जोड़ने का यह उत्साह, हम सबको आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन कनेक्टिविटी गंगा एक्सप्रेसवे यहीं से होकर के प्रयागराज तक जा रही है, जब यह गंगा एक्सप्रेसवे बन जायेंगा तो मेरठ से प्रयागराज की दूरी मात्र 08 घण्टे या इससे भी कम समय में पूरी की जा सकती है उन्होंने कहा कि प्रयागराज में कुम्भ 2019 दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित कर अनेक कीर्तमान स्थापित किये गये, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 में आयोजित होने वाला महाकुम्भ दिव्य एवं भव्य के साथ-साथ यूनिक होगा, जिसके लिए अभी से कार्य किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि आज विकास की किरण और विकास की योजना का लाभ बिना भेद-भाव के हर गरीब, हर किसान एवं हर युवाओ तक पहुँचाया जा रहा है। एक ओर देश समृद्ध की नई ऊचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा देश को सुरक्षित बनाने का बेहतरीन कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में विगत वर्षों से 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, वही दूसरी तरफ पाकिस्तान के अन्दर रोटी के लाले पड़ रहें है, यही कारण है कि आज दुनियॉ भारत की तरफ देख रही है। उन्होंने कौशाम्बी वासियों को आश्वस्त किया कि विकास की हर परियोजना का लाभ कौशाम्बी वासियां को प्राप्त होगा। विकास की हर योजना को हर गॉव, हर गरीब, हर नौजवान एवं हर किसान तक पहुँचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, इन्ही कार्यक्रमों की श्रृखला में कौशाम्बी महोत्सव एवं सांसद खेल-कूद स्पर्धा आप सबके सम्मुख है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी की धरती पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए कहा कि कौशाम्बी ऐतिहासिक एवं पवित्र धरती है तथा यह मॉ शीतलाधाम कड़ा, भगवान पद्मप्रभु तथा तथागत बुद्ध, सूफीसंतों की भी धरती है जनपद कौशाम्बी विकास के आसमान को प्राप्त करें, इसमें कोई कमी नहीं छोड़े जायेंगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंत्री औद्योगिक विकास नन्द गोपाल गुप्ता ह्लनन्दीह्व मंत्री उद्यान दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री सहकारिता जेपीएस राठौर राज्यमंत्री कारागार/जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश राही प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सासंद विनोद सोनकर, पूर्व विधायक लाल बहादुर संजय गुप्ता एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर पुलिस महानिदेशक भानू भाष्कर, पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कौशांबी महोत्सव का बहाना 2024 लोकसभा चुनाव पर निशाना

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। विदेशों में भारत की छवि खराब करने और संसद का वक्त जाया करने के लिए कांग्रेस को देश की जनता माफ नहीं करेगी 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर बीजेपी ने बिगुल फूंक दिया है। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जनपद में होने वाले तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे देश के गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए 2024 के चुनाव में एक बार फिर उत्तर प्रदेश की जनता से बीजेपी को बहुमत दिलाने की अपील की।बता दें कि कौशांबी के फसैया मैदान पर आज से होने वाले तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर बीजेपी नेताओं का जमावड़ा लगा रहा जहां गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। इस दौरान जहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनपद को 612 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देते हुए आगामी चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने की बात कही वही मंच संभालते हुए उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जाकर भारत की छवि को खराब करने के साथ-साथ संसद का वक्त जाया करने का कार्य किया है जिसके लिए देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। सपा बसपा व कांग्रेस ने जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से माहौल खराब करने का कार्य किया जिससे आज वह दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहे है।

न्यूज झरोखा

अमित शाह के आने से पहले सिराथू विधायक पल्लवी पटेल को किया गया हाउस अरेस्ट

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में जा रही समाजवादी अपना दल गठबंधन सिराथू विधायक पल्लवी पटेल को देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने पल्लवी पटेल को कार्यक्रम स्थल पर जाने से रोक दिया पल्लवी पटेल को पुलिस ने उन्ही के कार्यालय में हाउस अरेस्ट कर लिया और उनकी निगरानी में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पल्लवी पटेल की निगरानी पुलिस ने समाप्त की है भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पल्लवी पटेल के कार्यक्रम में जाने से प्रशासन शांति भंग की अंदेशा में आशंकित था और शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए विधायक पल्लवी पटेल को हाउस अरेस्ट किया गया है।

हैंडपंप मरम्मत रिबोर में आठ लाख से अधिक खर्च किए जाने के बाद भी पानी को तरस रही जनता

कौशाम्बी। विकासखंड मूरतगंज क्षेत्र के अमनी लोकीपुर गांव में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर आठ लाख रुपए से अधिक की रकम खर्च किए जाने के बाद भी गांव में पानी की समस्या बनी हुई है ग्रामीण पानी के लिए परेशान है जिन हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई है वह पानी नहीं उगल रहे लेकिन फिर भी खंड विकास अधिकारी मूरतगंज से लेकर विकास भवन के अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार धांधली की जांच करा कर उन पर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास नहीं किया है जिससे विकास भवन के अधिकारियों की भी मंशा ठीक समझ में नहीं आ रही है अमनी लोकीपुर गांव में सरकारी खजाना को खाली करने में पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान सफल हो रहें हैं आलाधिकारियो ने मौन धारण कर लिया है इससे भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के हौसले बुलंद है। जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत अमनी लोकीपुर के ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव गांव में विकास के नाम पर जमकर धांधली कर रहे हैं सरकारी योजना से हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर कराए गए कार्य पारदर्शी तरीके से नहीं हुए हैं बताया जाता है कि हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर 8 लाख 95 हजार रुपए की रकम खजाने से निकाली जा चुकी लेकिन उसके बाद भी गांव में पानी की समस्या बरकरार है इससे ग्रामीणों को दूर जा कर पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर ग्राम पंचायत में बड़े-बड़े भ्रष्टाचार की ओर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के कारनामों की जांच कराते दोषी प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

दो किसानों के खेत में लगी आग लाखों की फसल जलकर खाक

सूचना देने के बाद भी आग बुझाने नहीं पहुंच सका फायर ब्रिगेड का वाहन

अखंड भारत संदेश

तिल्हापुर कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के पेराई और तिलगुड़ी गांव के सरहद पर दो किसानों के खेत में शुक्रवार की दोपहर विद्युत की शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई देखते देखते 2 किसानों के खेत मे खड़ी 4 बीघा गेहूं की फसल तेज लपटों के साथ जलने लगी खेत में आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम किसान पहुंचे मामले की सूचना फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को फोन के जरिए दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड के अधिकारी काफी देर तक घटनास्थल पर वाहन लेकर नहीं पहुंच सके जिस पर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया ग्रामीण आग पर काबू नहीं पाते तो आसपास के तमाम अन्य किसानों के खेत की फसल जलकर राख हो जाती मामले की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और लेखपाल को दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान राम प्रकाश साहू और लेखपाल पंकज सिंह ने अग्निकांड की घटना की जांच पड़ताल कर अधिकारियों को सूचना भेज दी है किसानों के खेत जल जाने के बाद परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है

घटनाक्रम के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के पिपरी थाना अंतर्गत पेराई गांव निवासी राम लखन पुत्र सुब्बा सिंह और तिलगुड़ी गांव के मन्ना लाल यादव पुत्र स्वर्गीय राम मनोहर यादव का खेत दोनों गांव के सरहद पर अगल-बगल है शुक्रवार की दोपहर दोनों किसानों के खेतों में अचानक आग लग गई देखते-देखते खेत की फसलें जलने लगी खेत में आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने हो-हल्ला मचाया सूचना मिलते ही खेत मालिक किसान के साथ-साथ गांव के अन्य किसान और मजदूर मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है इस अग्निकांड में दोनों किसानों के 4 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। बताया जाता है कि अग्निकांड में किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है अग्निशमन दल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही इसके पहले भी कई बार उजागर हो चुकी है मौके पर शुक्रवार को फिर आग बुझाने अग्निशमन दल के अधिकारी नहीं पहुंचे हैं जिससे एक बार फिर अग्निशमन दल के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है जिससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है अग्निशमन दल विभाग के अधिकारियों की बार-बार लापरवाही उजागर होने पर मामले को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए अग्निशमन दल विभाग के अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

पॉक्सो एक्ट के तीन अभियुक्तों को 20-20 वर्ष कारावास की सजा

कौशाम्बी। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन नाबालिग बालिकाओं के साथ दुष्कर्म के आरोपियों के मुकदमे की अलग अलग सुनवाई करते हुए न्यायालय के जज ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। थाना करारी अन्तर्गत 20.10.2015 को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त गुलफाम पुत्र असरफ हुसैन निवासी चक हिंगुई थाना करारी को न्यायालय पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 38 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। इसी प्रकार थाना सराय अकिल अंतर्गत 26.12.2019 को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त दानिश पुत्र अलताब निवासी खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल को न्यायालय एडीजे- 07/ पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 38 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। इसी प्रकार थाना मंझनपुर अंतर्गत 04.08.2014 को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त मोहर्रम अली उर्फ तिल्लन पुत्र मो0 सरीफ निवासी रामपुर मंडूकी थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे- 07/पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 30 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित कुमार कोरी पुत्र धर्मराज कोरी निवासी ग्राम सरसवा थाना महेवाघाट को पश्चिम शरीरा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

गंगा स्नान करते समय नदी में डूबने से युवक की मौत

गोताखोरों और मल्लाहो की मदद से युवक को नदी से निकाला गया बाहर

अखंड भारत संदेश

रोते बिलखते परिजन

हर्रायपुर कौशांबी। सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के गंगा नदी के पल्हाना घाट में स्नान करने गया एक युवक शुक्रवार की भोर 5:00 बजे स्नान करते समय नदी में डूब गया है गोताखोरों और मल्लाहो की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला गया है तब तक युवक की मौत हो चुकी है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही नदी किनारे स्नान कर रहे लोगों की मौके पर भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी जैसे ही युवक के परिजनों को लगी घर में कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार भरवारी इमामबाड़ा के पास रहने वाले आशुतोष कुमार चौरसिया उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र अजय कुमार उर्फ पप्पू चौरसिया अपने एक अन्य साथी के साथ शुक्रवार की भोर 4:00 बजे घर से गंगा स्नान करने के लिए मूरतगंज क्षेत्र के पल्हाना घाट गंगा नदी के किनारे गए थे आशुतोष गंगा नदी में स्नान करने के लिए नदी की जलधारा में उतरे लेकिन अचानक वह असंतुलित होने लगे और नदी की जलधारा में डूब गए लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सके युवक के नदी में डूबने की जानकारी मिलते ही गंगा नदी में स्नान कर रहे अन्य लोग मौके पर पहुंचे हो हल्ला मचाया गोताखोर और मल्लाहो की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और युवक की मौत हो गई मामले की सूचना संदीपन घाट थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पुलिस पहुंची ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन पुलिस चौकी मूरतगंज पहुंच गए हैं।

न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

कौशांबी। गुड फ्राइडे होने के चलते और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन के चलते सड़कों पर आवागमन बाधित होने के चलते मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की एक बैठक कचहरी परिसर में एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन के चलते आवागमन बाधित होने और गुड फ्राइडे होने के चलते अधिवक्ताओं और वाद करियो को न्यायालय पहुंचने में दिक्कतें होंगी जिससे अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव अधिवक्ताओं ने जनपद एव सत्र न्यायाधीश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया है कि किसी अधिवक्ता या वादकारी की अनुपस्थिति रहने पर विपरीत आदेश ना पारित किया जाए।

इमाम हसन की शान में पढ़े गए कसीदे

अखंड भारत संदेश

महफिल का तरा: कुरान के लबों पर कसीदा हसन का है

महफिल में उपस्थित लोग

करारी कौशांबी। इमाम हसन अलैहिस्सलाम की शान में एक महफिल का आयोजन किया गया जिसमे ताम दूर दराज से चलकर आए शोहरा इकराम ने अपने खुलूस अंदाज में कसीदा पढ़ा महफि ल की निगरानी कर रहे चायल इमामे जुमा सय्यद मौलाना जाहिद हुसैन। करारी लहना में इमाम हसन अलैहिस्सलाम के शान में अंजुमने बाजुए अब्बास की जानिब से बृहस्पतिवार रात्रि में एक महफिल का आयोजन किया गया। इस महफिल में अब्बास सल्लमहु ने तिलावते कुरान ए पाक से महफिल का आगाज किया। हसन इलाहाबाद को निजामत की जिम्मेदारी सौंपी गई नाजिम ने एक-एक कर शोहरा को स्टेज पर बुलाया। शायरों ने अपने खुलूस अंदाज में नजराने पेश किए इमाम हसैन अलैहिस्सलाम की शान में कसीदे पढ़े गए वही जफर अंडाहरवी ने अपने मकसूस अंदाज में पढ़ा, जो वाकई में चाहने वाला हसन का है उसके हर एक अमल में कसीदा हसन का है। ,लहना में आज सजी हुई महफिल इमाम की कुरान के लबों पर कशीदा हसन का है। इस शेर पर खूब दाद कमाई वही औन रिजवी एडवोकेट जो एक बेहतरीन अंदाज में उन्होंने कशीदा पढ़ा, मशहद हो समर्रा हो नजफ हो कि कर्बला सारा का सारा आज इलाका हसन का है, ऐ औन क्या बिसात है मेरी जहां में अशआर जो हुए हैं ये सदका हसन का है। बेहतरीन अंदाज में इन्होंने अपने कलाम को पेश किया। हसन इलाहाबादी में निजामत के बाद अपने तरई कलाम को पेश किया, बाबा की जिसके जाए विलादत खुदा का घर मीरास के हिसाब से काबा हसन का है , जिस सिम्त चाहे ना बघे रेसलात को मोड़ दे यह बचपन में खेल तमाशा हसन का है। एक के बाद एक शायर ने पढ़े कसीदे। जाफर जाहिद ने पढ़ा सब को बुला के घर में खिलाते हैं आज हम तारीख में मिला यह सलीका हसन का है, सारी दुआएं होंगी खुदा के यहां कुबूल जाफर ने जो बनाया वसीला हसन का है। वहीं तमाम शोहरा ने महफिल में शेर शायरी का सिलसिला जारी रखा महफिल के आखिरी में मौलाना सैयद अमीर हैदर करारवी ने इमाम हसन अलैहिस्सलाम की फजीलत को बयान किया महफिल में मौजूद अंजुमन ए बाजुए अब्बास के मेंबर मौलाना सैयद जाहिद हुसैन ,सैयद मोहम्मद जीशान असगर उर्फ फाते,सय्यद सजर रिजवी ,फैजान रिजवी ,अहमद रिजवी, शमीम आलम ने महफि ल में आए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

जन संपादकीय

चुनाव आते ही मायावती व अखिलेश में 30 साल पुराने नारों पर राडा उभरा

देश में या किसी राज्य में चुनाव हों और वहां नेताओं की जुबान से अपने विरोधियों के खिलाफ कोई बिगड़े बोल न निकलें,ऐसा कभी हो नही सकता।उत्तरप्रदेश के चुनाव में नेताओं की इस बदजुबानी ने कुछ ज्यादा ही गर्मी ला रखी है लेकिन शायद उन्हें ये अहसास नहीं कि वोटर अब पहले से भी इतना अधिक जागरुक हो चुका है,जो उनकी अमर्यादित भाषा को तो समझता ही है लेकिन वो ये भी जानता है कि इसके जरिये समाज में किस तरह की नफरत का माहौल बनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि जिन राजनीतिक नारों ने मायावती को बहुजन समाज का नेता बनाया अब वे उन नारों पर सफाई देती फिर रही हैं। वे कह रही हैं ये नारे बसपा ने कभी दिए ही नहीं थे, बल्कि समाजवादी पार्टी ने बसपा को बदनाम करने के लिए इन नारों का प्रचार किया था। अगर ऐसा है तो मायावती ने या मान्यवर कांशारीम ने उस समय इन नारों का विरोध क्यों नहीं किया था? बसपा के कार्यकताओं को इस तरह के नारे लगाने से रोका क्यों नहीं गया था? जाहिर है उस समय इन नारों से फायदा दिख रहा था इसलिए इन्हें अपनाया गया और अब जबकि मायावती ने अपने राजनीतिक सिद्धांतों को पूरी तरह से बदल दिया है तो वे इन नारों से पीछा छुड़ा रही हैं।उन्होंने बुधवार को तीन ट्विट किए, जिसमें नब्बे के दशक में चर्चित हुए नारों का विरोध किया और कहा कि ये नारे सपा ने गढ़े थे, बसपा को बदनाम करने के लिए। जब मुलायम सिंह और कांशीराम ने सपा और बसपा के बीच तालमेल किया था और 1993 का चुनाव लड़ा था तब एक नारा चर्चित हुआ था ह्यमिले मुलायम-कांशीराम, हवा में उड़ गए जयश्रीरामह्न। इसका जिक्र करते हुए मायावती ने ट्विट किया कि वास्तवमें यूपी के विकास व जनहित की बजाय जातिद्वेष एवं अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है।

इसके बाद अगले ट्विट में उन्होंने लिखा ह्यमान्यवार कांशीराम जी ने मिशनरी भावना के तहत गठबंधन बनाया था लेकिन मुलायम सिंह यादव के गठबंधन का सीएम बनने के बावजूद उनकी नीयत पाक साफ न होकर बसपा को बदनाम करने व दलित उत्पीड़न जारी रखने की रहीह्न। उनका तीसरा ट्विट था, ह्यइसी क्रम में अयोध्या, श्रीराम मंदिर व अपरकास्ट समाज आदि से संबंधित जिन नारों को प्रचारित किया गया था वे बीएसपी को बदनाम करने की सपा की शरारत व सोची समझी साजिश थी। अंतः सपा की ऐसी हरकतों से खासकर दलित, अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज को सावधान रहने की सख्त जरूरतह्न। नब्बे के दशक में उच्च जातियों को लेकर बसपा एक नारा चर्चित रहा था- तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार। अब मायावती कह रही हैं कि अपरकास्ट को लेकर नारे भी सपा ने लिखे थे। बहरहाल, मायावती ने जिस अंदाज में एक के बाद एक तीन ट्विट करके धर्म और ऊंची जाति वालों के लिए बनाए गए नारों से पीछा छुड़ाया है उससे लग रहा है कि वे अब पूरी तरह से भाजपा की लाइन पर राजनीति कर रही हैं। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वे इस लाइन पर राजनीति करके अपनी पार्टी के लिए सफलता की उम्मीद कर रही हैं या भाजपा के कहने पर ऐसा कर रही हैं।

हिन्दुओं के त्यौहारों पर ही हिंसक घटनाएं क्यों?

- ललित गर्ग-

रामनवमी पर निकाली गई शोभा यात्राओं के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में हिंसा की जो वीभत्स, त्रासद एवं उन्मादी घटनाएं सामने आई हैं वे एक सवाल खड़ा करती हैं कि हिन्दुओं के त्यौहारों को ही अशांत एवं हिंसक क्यों किया जाता है? आखिर हिन्दू उत्सवों के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल खराब करने के लिए क्या जानबूझकर कोई षड्यंत्र किया जाता है? क्यों हिन्दू देवी-देवताओं से जुड़ी आस्था पर ही हमला क्यों किया जाता है। गैर भाजपा सरकारों के राज्यों में ही हिन्दूओं पर हमले क्यों हो रहे हैं? सवाल यह भी है कि संबंधित राज्य की सरकार और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क क्यों नहीं रहता और दो समुदायों के बीच हिंसा भड़कने का इंतजार क्यों करता है? हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में हिंसा हुई और इसके बाद बिहार सुलग उठा। बिहार के नालंदा एवं सासाराम सहित अन्य जगहों पर दो दिन से भीषण हिंसा हो रही है जिसे रोकने के लिए केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात करना पड़ा है। ऐसे में सवाल यह है कि इस प्रकार की घटनाओं के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए? हिंसा की ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण करना तो हमारे देश में जैसे रिवाज बन चुका है लेकिन कोई भी राज्य सरकार इसके लिए अपनी चूक मानने को तैयार नहीं होती कि यह उसकी प्रशासनिक विफलता है। समाज एवं राष्ट्र में जो संकीर्ण साम्प्रदायिक व्यवस्था है और जो पनप रही है, वह न्याय के घेरे से बाहर है। सब चाहते हैं, उपदेश देते हैं कि धर्म विशेष के साथ अन्याय न हो, शोषण न हो। लेकिन वह धर्म-विशेष अन्याय करें, हिंसा करें, उत्पादी एवं उन्मादी माहौल निर्मित करें तो उसका प्रतिकार जरूरी है, तभी राष्ट्रीय एकता बन सकती है।

यह कैसा साम्प्रदायिक सौहार्द है जिसमें हिंदू आस्था का अपमान हो लेकिन चुप रहो। मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाए, लेकिन कुछ मत बोलो। महादेव और मां पार्वती का मखौल उड़ाया जाए लेकिन खामोश रहो। हिन्दू त्यौहारों पर होने वाले हमले पर मौन रहो, आखिर साम्प्रदायिक सौहार्द के नाम पर इस देश में कौन सा खेल खेला गया और खेला जा रहा है। आखिर कब तक हिन्दू धर्म के लोग ही सहिष्णुता एवं धार्मिक सौहार्द के लिये स्वयं का बलिदान करते रहेंगे?रामनवमी और उसके दूसरे दिन भी नमाज के बाद हिंसा की सबसे क्रूर तस्वीरें पश्चिम बंगाल से सामने आई। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह तर्क दिया कि मना करने के बाद भी मुस्लिम इलाकों से शोभायात्रा निकाली गई इसलिए हिंसा भड़की लेकिन सवाल यह है कि मुस्लिम इलाकों से शोभा यात्रा निकालना कोई अपराध है? ममता बनर्जी का यह कैसा बेतुका तर्क है। 1947 में धर्म के आधार पर भारत के बंटवारे के बाद अब ममता बनर्जी धर्म के आधार पर भारत का आंतरिक बंटवारा करना चाहती है? ममता बनर्जी का यह बयान देश की एकता-अखंडता की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में हुई भीषण हिंसा के लिए ममता बनर्जी के एक बयान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ममता बनर्जी ने रामनवमी के एक दिन पहले कहा था कि मैं रामनवमी की शोभायात्रा को नहीं रोकूंगी लेकिन शोभायात्रा के दौरान अगर किसी मुस्लिम के घर हमला किया गया तो मैं छोडूंगी नहीं। जबकि उन्हें यह भी कहना चाहिए कि यदि किसी शोभायात्रा पर हमला किया तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बात केवल पश्चिम बंगाल की नहीं है, बिहार, राजस्थान आदि में भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है, कट्टरवादी समुदाय की हिंसक एवं उन्मादी घटनाओं को दबाया जाता है। इस कारण हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिन्दू नववर्ष, श्रीरामनवमी, श्री हनुमान जयंती आदि हिंदुओं के त्योहारों के समय देशभर में निकाली गई शोभायात्राओं पर जिहादी, उत्पादी एवं हिंसक प्रवृत्तियों द्वारा भीषण आक्रमण किए गए। ये हिन्दू-मुसलमान दंगे नहीं थे, अपितु आतंकवादी प्रवृत्ति के जिहादियों द्वारा योजनाबद्ध पद्धति से किए गए एक पक्षीय आक्रमण थे। राजस्थान के करौली के आक्रमण में सम्मिलित राजस्थान के सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि और अन्य जिहादियों पर कार्यवाही करना तो दूर उनकी जानकारी प्रसार माध्यमों द्वारा देने एवं लोगों द्वारा शिकायत करने पर भी उन पर कार्यवाही नहीं की गई। इसके विपरीत सरकार उनका बचाव कर रही है। जो तीव्र प्रतिकार और विरोध करता है, उसकी बात सरकार और न्यायालय सुनते हैं। इसलिए बहुसंख्यक हिन्दू समाज जब तक ऐसे आक्रमणों का उचित प्रतिकार और विरोध नहीं करते, तब तक ये घटनाएं नहीं रुकेंगी। लेकिन ऐसा करने को प्रोत्साहन देना देश की एकता एवं अखण्डता को खण्डित ही करेगा। हिन्दू एवं अन्य समुदायों के लोग इंसान से इंसान को जोड़ने में विश्वास करते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय ऐसा नहीं कर पा रहा है।

ऐसा नहीं है मुसलमानों में अधिकांश लोग भी तोड़ने में नहीं, बल्कि जोड़ने में ही विश्वास करते हैं, कुछ उन्मादी एवं हिंसक ताकतें समूची कौम पर दाग लगाती है, जिनको राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाया जाता है। हिन्दू त्यौहारों की अहिंसक एवं सौहार्द संस्कृति को धुंधलाने के लिये राजनेता, फिल्मकार, पत्रकार बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। फिल्म ह्यअतरंगी रेह्न के कई दृश्यों में हिन्दू देवी-देवताओं और धर्मग्रंथों का अपमान किया गया है। भगवान शिव और हनुमानजी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया गया है, तो रामायण की भी आपत्तिजनक व्याख्या की गई है। यहाँ तक की फिल्म में हिन्दू लड़की और मुस्लिम लड़के के प्यार को दिखा कर ह्यलव जिहादह्न को भी बढ़ावा दिया गया है।

हालही में ब्रह्मास्त्र का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर जूते पहनकर मंदिर में एंट्री ले रहे हैं और जूता पहनकर मंदिर की घंटियां बजा रहे हैं। इस तरह जान-बूझकर हिन्दू त्यौहारों से जुड़ी आस्था को कुचलने, मंदिर, देवी-देवताओं का अपमान सरेआम होता है और महत्वपूर्ण बात ये है कि ये सब अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किया जा रहा है। सोचिए विचारों को प्रकट करने की आजादी जिसे अभिव्यक्ति का अधिकार कहा जाता है, वो कैसे सीमाओं को पार कर जाता है और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान को सही ठहराने लगता है।रामनवमी के दिन सुनियोजित तरीके से भीषण हिंसा को अंजाम दिया गया जिसमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों सहित कई निर्दोष लोग घायल हो गए और कई करोड़ की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। खास बात यह है कि इस हिंसा को लेकर सभी राजनीतिक दलों की ओर से सधी हुई भाषा में प्रतिकिक्रयाएं आ रही हैं जबकि छोटी-छोटी घटनाओं पर गला फाड़ आवाज उठाने वाले तथाकथित मानवाधिकारवादी, लिबरल गैंग, अवार्ड वापसी गैंग, टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़े लोग तो ऐसे शांत है जैसे देश में सब कुछ ठीक चल रहा है।

यदि ऐसी ही हिंसा ईद जैसी किसी मुस्लिम त्योहार पर हो जाती तो आज कथित धर्मनिरपेक्षता का कंबल ओढ़कर तमाम संगठन छाती पीट रहे होते और भारत से लेकर विदेशों तक एक ही वाक्य गूंज रहा होता कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। सवाल यह है कि इन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों के लिए हिन्दू और हिन्दुओं का खून इतना सस्ता क्यों है? आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब उपदेश देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे हैं। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। आने वाले चुनावों में धर्मान्धता को उभारा जाएगा, उस सीमा तक लोगों की भावना को गमार्या जाएगा- जहां इसे सत्ता में ढाला जा सके। लेकिन जब-जब ऐसी आसूरी शक्तियां सक्रिय होती है कोई-न-कोई श्रीकृष्ण प्रकट होता है। धर्म तो पवित्र चीज है।

इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा। धर्म विश्वास में नहीं, विवेक में है। अन्यथा अन्धविश्वास का फायदा राजनीतिज्ञ व आतंकवादी उठाते रहेंगे।

हंगामे की भेंट चढ़ा और एक संसद सत्र !

किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतंत्र को सबसे बड़ा और सटीक लोकतंत्र माना जाता है, जिसकी मिसाल अनेक मंचों पर भी दी जाती है। परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम टीवी चैनलों पर लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देख रहे हैं कि हम मतदाताओं द्वारा चुनकर संसद में भेजे गए हमारे प्रतिनिधियों द्वारा किस तरह कामकाज और व्यवहार किया जाता है कि किस तरह सिर्फ पार्टी के हितों को ध्यान में रखा जाता है, किस तरह वकआउट और हंगामा किया जाता है, किस तरफ सरकार में बैठकर भी आक्रामक रवैया अपनाया जाता है, किस तरह जनता के हितों कोदरकिनार कर दिया जाता है वगैरह वगैरह अनेकों सवालों का जवाब हमने लाइव टेलीकास्ट बजट संसद सत्र के 31 जनवरी से 6 अप्रैल 2023 तक दोनों चरणों में देखा और हमें अपने स्कूल के दिनों की याद आ गई कि, हम क्लास में कैसे हंगामा करते थे। परंतु ध्यान देने योग्य बात तो यह है कि हमें टीचर का बहुत डर रहता था, उनके आने पर सिट्टी पिट्टी गुम हो जाती थी। बुत बनकर बेंच पर बैठे रहते थे परंतु यह क्या? बजट सत्र सहित पिछले कई सत्रों में हमने देखा है कि सभापति/अध्यक्ष रूपी टीचर के सामने हमारे प्रतिनिधि रूपी छात्र हंगामा करते, नारे लगाते, पन्ने फाड़ते, धूम मचाते, लड़ाई झगड़े करते हुए देखे गए तो, हम सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इन प्रतिनिधि रूपी बच्चों की शरारतें, हरकतें तो हमारे बचपन के स्कूल से कई गुना अधिक है और सभापति/अध्यक्ष रूपी टीचर का कोई डर भी नहीं है। इस बजट सत्र 2023 में लोकसभा की उत्पादकता लगभग 34 फीसदी और राज्यसभा की लगभग 24 फीसदी रही याने दोनों में हम बच्चों की परीक्षा के पासिंग पैमाने 35 फीसदी से भी कम हुए। इसका मतलब हम बच्चों के कंपैरिजन में हमारे प्रतिनिधि पूरी तरह फेल हुए हैं, जिनका जवाबी रिजल्ट हम मतदाता सहित आम जनता, जनता जनार्दन 2023 में आने वाले कुछ राज्यों के चुनाव और 2024 के आम चुनाव में देगी जिसके कारण 2023 का बजट सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा! इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ऐ बाबू , अब जनता जनार्दन के मतदान से जवाब देने की बारी है।

साथियों बात अगर आम बजट सत्र 2023 की करें तो, 31 जनवरी 2023 को शुरू हुआ संसद का बजट सत्र आज यानी 6 अप्रैल 2022 (गुरुवार) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र के बारे में बोलते हुए, केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, ने कहा कि बजट सत्र 2023 में कुल 25 बैठकें हुईं। राज्य सभा और लोकसभा 13 फरवरी 2023 से 12 मार्च तक अवकाश के लिए स्थगित किया गए थे औरसोमवार यानी 13 मार्च, 2023 को फिर से दोनों सदन की कार्रवाई शुरू हुई ताकि विभागीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से अनुदान से जुड़ी मांगों की जांच और रिपोर्ट कर सकें। वर्ष का पहला सत्र होने के नाते, राष्ट्रपति ने 31 जनवरी, 2023 को संविधान के अनुच्छेद 87(1) के तहत संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया था। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया था और इसका भी किया गया था। इस प्रक्रिया के लिएलोकसभा के आवंटित 12 घंटों के मुकाबले 13 घंटे 44 मिनट लगे।राज्यसभा में भी इसे पेश किया। इस मद ने 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 12 घंटे 42 मिनट के लिए राज्य सभा को व्यस्त रखा। सत्र के पहले भाग के दौरान दोनों सदनों द्वारा माननीय पीएम के उत्तर के बाद धन्यवाद प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें स्वीकार किया गया। लोक सभा के 143 सदस्यों और राज्य सभा के 48 सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा में भाग लिया। बताया गया कि 2023-24 का केंद्रीय बजट बुधवार, 1 फरवरी, 2023 को पेश किया गया। सत्र के पहले भाग में दोनों सदनों में केंद्रीय बजट पर आम चर्चा हुई। इसने लोकसभा को 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 14 घंटे 45 मिनट और राज्य सभा को 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 2 घंटे 21 मिनट का समय दिया। लोकसभा में 145 सदस्यों और राज्यसभा में 12 सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा में भाग लिया। अलग-अलग मंत्रालयों जैसे रेलवे, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जनजातीय मामले, पर्यटन, संस्कृति और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अनुदान मांगों को लोकसभा में लगातार व्यवधान के कारण नहीं लिया जा सका।

साथियों बात अगर हम पक्ष विपक्ष के हंगामे के कारणों की करें तो, पक्ष का मुद्दा विपक्ष के युवा नेता से विदेश में दिए गए बयानों पर माफी मांगने और विपक्ष का मुद्दा उद्योगपति से संबंधित रिसर्च रिपोर्ट पर उनकी जेपीसी बैठाने की मांग थी जिसे दोनों पक्षों ने अलग-अलग बयान इस प्रकार हैं। प्रमुख विपक्षी पार्टी के नेता ने कहा कि पूरी रूलिंग पार्ट और सरकार लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है। पूरे सत्र में वे बस उद्योगपति को बचाने में लगे थे। उन्होंने कहा कि हम बस जेपीसी जांच की मांग कर रहे हैं। वे इस पर बात तक नहीं कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएंगे। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा हालांकि विपक्ष की उद्योगपति समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग और लोकतंत्र को लेकर लंदन में युवा नेता द्वारा की गई एक टिप्पणी पर सत्ता पक्ष द्वारा पूर्व अध्यक्ष से माफी मांगने पर जोर देने के कारण हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। प्रमुख विपक्षी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने इस बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयास किया। सरकार लोकतंत्र की बहुत बातें कहती है लेकिन जो कहती है उसके तहत चलती नहीं हैं। 50 लाख करोड़ का बजट केवल 12 मिनट में पास किया गया है। वे हमेशा कहते रहे कि विपक्ष कोदिलचस्पी नहीं है लेकिन विघ्न तो सरकार की तरफ से हुआ है, आगे कहा कि सरकार ने इस बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयासकिया। सरकार लोकतंत्र की बहुत बातें कहती है लेकिन जो कहती है उसके तहत चलती नहीं हैं, आगे कहा कि लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना हमारा काम है। सरकार अगर नहीं मानती है तो ये हठधर्मी है। सरकार को हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए, प्रतिक्रिया देनी चाहिए। अगर आप लोकतंत्र को जिंदा रखना चाहते हैं तो विपक्ष की भी बात सुननी चाहिए। आगे कहा कि युवा नेता को संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया है फिर भी वे माफी की मांग कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि पक्ष ने विपक्ष पर संसद नहीं चलने देने का आरोप लगाया है।

साथियों बात अगर हम, 17 वीं लोक सभा के 11वें सत्र और राज्यसभा के 259वें सत्र के दौरान विधायी कामकाज (बजट सत्र, 2023) को लोक सभा में पेश किए गए विधेयकों, लोक सभा द्वारा पारित विधेयकों, राज्य सभा द्वारा पारित/वापसी किए गए विधेयकों, दोनों सदनों द्वारा पारित/वापस किए गए विधेयकों की सूची की करें तो, क- लोक सभा में पेश किए गए विधेयक (1)वित्त विधेयक, 2023 (2)अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 (3)जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023 (4) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 (5) विनियोग (नंबर 2) बिल, 2023 (6) विनियोग विधेयक, 2023(7)वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 (8) कोस्टल एक्वाकल्चर अथॉरिटी (संशोधन) बिल, 2023 क्क- लोक सभा द्वारा पारित विधेयक (1)वित्त विधेयक, 2023 (2) जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023 (3) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023(4)विनियोग (नंबर 2) बिल, 2023 (5) विनियोग विधेयक,2023 (6) प्रतियोगिता (संशोधन) विधेयक, 2023 क्क्क - राज्य सभा द्वारा पारित/लौटाए गए विधेयक (1) वित्त विधेयक 2023(2)जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023 (3) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 (4) विनियोग (नंबर 2) बिल, 2023 (5) विनियोग विधेयक, 2023 (6) प्रतियोगिता (संशोधन) विधेयक, 2023 क्क्क - संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित/लौटाए गए विधेयक (1) वित्त विधेयक, 2023(2)जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023(3)जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023(4)विनियोग (नंबर 2) बिल, 2023(5)विनियोग विधेयक, 2023(6)प्रतियोगिता (संशोधन) विधेयक, 2023।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम का शंखनाद करने वाले क्रांतिकारी- मंगल पाण्डेय

-अशोक प्रवृद्ध

देश को स्वाधीन कराने के लिए ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध क्रांति का प्रथम शंखनाद करने अर्थात बगावत की पहली चिंगारी भड़काने वाले भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी व महान क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय का जन्म उत्तरप्रदेश के बलिया के निकट नगवा गांव में 19 जुलाई 1827 को सरयुपारीण ब्राह्मण के घर हुआ था। पिता का नाम दिवाकर पाण्डेय और माता का नाम अभय रानी पाण्डेय था। इनके जन्म स्थान के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। कतिपय विद्वानों के अनुसार मंगल पाण्डेय का जन्म उत्तर प्रदेश के फैजाबाद के एक कस्बे में एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था।मंगल पाण्डेय सेना की कार्रवाइयों को देखकर बाल्यकाल से ही फौज में जाने के लिए उत्कंठित व उत्साहित रहते थे।मंगल पाण्डेय सन 1849 में 22 साल की उम्र में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में बंगाल नेटिव इन्फेंट्री की 34वीं बटालियन में पैदल सेना के 1446 नम्बर के सिपाही के रूप मेंशामिल हो गए।लेकिन अकबरपुर ब्रिगेड में पहली नियुक्ति के कुछ ही वर्ष बाद अंग्रेजी सेना से उनका मोह भंग हो दिल भर गया, और समय के साथ बदले हालात ने मंगल पाण्डेय को ब्रिटिश हुकूमत का दुश्मन बना दिया। फिर चर्बी लगे कारतूस और राइफल के विवाद ने आग में घी डालने का काम करते हुए उनके लिए क्रांति के शंखनाद का सबब बन गया।इसके बादमंगल पाण्डेय ने1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।और एनफील्ड राइफल में प्रयोग की जाने वाली गाय की चर्बी मिले कारतूस को मुँह से काटने से मना करते हुए क्रांति का बिगुल फूंक दिया।जिसके कारण तत्कालीन अंग्रेजी शासन ने उन्हें बागी करार दिया,औरउन्हें गिरफ्तार कर 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी।जबकि भारतीय जन उन्हें स्वाधीनता संग्राम के एक महान नायक के रूप में सम्मान देता है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर भारत सरकार द्वारा उनके सम्मान में सन1984 में एक डाक टिकट जारी किया गया।

1857 के स्वाधीनता संग्राम में विद्रोह का प्रारम्भ 1850 के दशक के उत्तरार्ध में सिपाहियों के उपयोग के लिए लाई गई नई पैटन 1853 एनफील्ड राइफल अथवा बंदूक के कारण हुआ। 0.577 कैलिबर की यह बंदूक पुरानी और कई दशकों से उपयोग में लायी जा रही ब्राउन बैस के मुकाबले में शक्तिशाली और अचूक थी। नई बंदूक में गोली दागने की आधुनिक प्रणाली प्रिकशन कैप का प्रयोग किया गया था, परन्तु बंदूक में गोली भरने की प्रक्रिया पुरानी ही थी। नई एनफील्ड बंदूक भरने के लिए कारतूस को दांतों से काट कर खोलना पड़ता था, और उसमें भरे हुए बारुद को बंदूक की नली में भर कर कारतूस को डालना पड़ता था। कारतूस का बाहरी आवरण में चर्बी होती थी। सिपाहियों के बीच यह अफवाह फैल चुकी थी कि कारतूस में लगी हुई चर्बी सूअर और गाय के मांस से बनायी जाती है।सिपाहियों ने इसे ब्रिटिश सरकार की सोची-समझी साजिश के तहत हिन्दू -मुसलमानों के धर्म से खिलवाड़ समझा।इन कारतूसों को मुंह से खोलकर राइफल में लोड करना हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिमों को भी गवारा नहीं था। कारतूस में चर्बी के प्रयोग से सिपाही उग्र थे। सैनिकों में इसको लेकर धीरे-धीरे बगावत होने लगी। अंततःमंगल पाण्डेय ने कारतूस का इस्तेमाल करने से इंकार करते हुए 29 मार्च 1857 को अंग्रेजी सरकार का खुला विरोध कर दिया।और अपने सभी साथी सिपाहियों को इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। मंगल पाण्डेय ने फिरंगी मारोका नारा भी दिया। औरकलकत्ता के निकटबैरकपुर परेड मैदान में29 मार्च 1857 को रेजीमेंट के अफसर लेफ्टिनेंट बाग द्वारा कारतूस के इस्तेमाल के लिए दबाव बनाने हेतु जोर-जबर्दस्ती किए जाने पर मंगल पाण्डेय ने उन पर हमला कर बाग सहित दो ब्रिटिश अफसरों को घायल कर दिया। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ किसी भी सैनिक का यह पहला विरोध था। इसके बाद तो मंगल पाण्डेय पर धार्मिक उन्माद का आरोप लगा और जनरल जान ने जमादार ईश्वरी प्रसाद को मंगल पाण्डेय को गिरफ़्तार करने का आदेश दिया परन्तु जमादार ने गिरफ्तार करने से मना कर दिया। सिवाय एक सिपाही शेख पलटु को छोड़ कर सारी रेजीमेण्ट ने मंगल पाण्डेय को गिरफ़्तार करने से मना कर दिया। मंगल पाण्डेय ने अपने साथियों को खुलेआम विद्रोह करने के लिए कहा, परन्तु किसी के न मानने पर उन्होने अपनी बंदूक से ही स्वयं अपनी प्राण लेने का प्रयास किया। परन्तु वे इस प्रयास में सिर्फ घायल हुये। 6 अप्रैल 1857 को मंगल पाण्डेय का कोर्ट मार्शल कर दिया गया।

चचाओं के बीच : सिंगर ध्वनि भानुशाली

काली दास पाण्डेय

सिंगर ध्वनि भानुशाली म्यूजिक वीडियो 'वास्ते' को लेकर इन दिनों काफी चर्चा में हैं। ध्वनि भानुशाली और निखिल डिसूजा के स्वर से सजी इस म्यूजिक वीडियो के गीतकार अराफत महमूद और संगीतकार तनिष्क बागची हैं। टी-सीरीज द्वारा रिलीज यह म्यूजिक वीडियो राधिका राव और विनय सप्रू द्वारा निर्देशित है। वैसे 'वास्ते' के अलावा ध्वनि भानुशाली ने कई और हिट गाने दिए हैं, जिसमें 'दिलबर' (बाटला हाउस से), 'दुनिया' (लुका छुपी से), 'साइको सइयां' (साहो से) के साथ-साथ 'मेरा यार', 'डायनामाइट', 'कुड़ी मेरी', 'मेहंदी' उल्लेखनीय हैं । 'वास्ते' विश्व स्तर पर टॉप 10 सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले म्यूजिक वीडियो की लिस्ट में भी शामिल हुआ है और इसके पूर्व ध्वनि भानुशाली यूट्यूब रिवाइंड 2019 में छा जाने वाली इकलौती इंडियन म्यूजिक आर्टिस्ट थीं। आज, इस गाने के सोशल मीडिया पर आधे मिलियन से भी ज्यादा रील मौजूद हैं।

इस मोस्ट पापुलर गाने को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 'इशारे तेरे' और 'लेजा रे' जैसे गानों के लिए पहचानी जाने वाली सिंगर ध्वनि भानुशाली के गाने 'वास्ते' को यूट्यूब पर 1.5 बिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 1 अरब व्यूज पाने वालों में भारतीय गीतों में भक्ति गीत 'हनुमान चालीसा' लिस्ट में सबसे ऊपर है, इसके बाद पंजाबी सॉन्ग 'लहंगा' और एक हरियाणवी सॉन्ग '52 गज का दामन' है। ध्वनि भानुशाली का गाना चौथे नंबर पर है। 'वास्ते' की सफलता के बाद ध्वनि भानुशाली सबसे कम उम्र की भारतीय म्यूजिक आर्टिस्ट बन गई हैं।

कर्मचारी समस्याओं को लेकर दीवानी न्यायालय कर्मियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

सात अप्रैल तक रहेगा जारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उप्र ने 26 मार्च को कानपुर देहात में प्रान्तीय सभा में 21 नवम्बर 2022 को उच्च न्यायालय में कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक में कर्मचारी समस्याओं के जल्द निस्तारण बाबत आश्वासनों के अनुरुप आदेश निर्गत न होने को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उप्र के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति, महासचिव मो अनस अंसारी की अगुवाई में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने समस्याओं पर चर्चाकर प्रस्ताव पारित किये। पारित प्रस्ताव में कहा कि मृतक आश्रित मामले में शैक्षणिक योग्यता अनुरुप सेवा योजन न किये जाने, कर्मचारियों को अर्न्तजनपदीय तबादला न होने नियमावली संशोधन वर्षों से शासन में लम्बित होने से पदोन्नति बाधा होने, संविदा कर्मियों वेतन वृद्धि एवं नियमतीकरण को समान सेवा का लाभ न होने संबंधित आदेश जारी नहीं हो रहा। इससे व्यथित कर्मचारियों ने तीन से सात अप्रैल तक काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 30 अप्रैल को प्रयागराज में महासम्मेलन कर उच्च न्यायालय को ज्ञापन सौंपेगे।

प्रान्तीय संघ के 27 मार्च के निदेर्शानुसार दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने शासनादेश जारी न होने तक काला फीता बांधकर शान्ति पूर्वक विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है। विरोध प्रदर्शन में शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, उपेन्द्र तिवारी, विनेश कुमार पटेल, अनूप सिंह, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, गिरजाशंकर तिवारी, श्रीमती रेनू सिंह आदि मौजूद रहे।

शैलेन्द्र बने प्रभास महासभा के संरक्षक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने पुरानी बाजार कर्वी के विद्या मंदिर पुस्तक भंडार के मालिक शैलेंद्र गुप्ता को महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा ने जिला इकाई का संरक्षक नियुक्त किया है।

शुक्रवार को प्रभास महासभा के जिलाध्यक्ष आकाश सैनी समेत जिला कार्यकारणी के पदाधिकारियों ने शैलेंद्र गुप्ता को जिला संरक्षक नियुक्त करने का स्वागत किया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने कहा कि भाई शैलेंद्र गुप्ता के संगठन से जुड़ने पर मजबूती मिलेगी। जिले के अन्य वरिष्ठ व्यापारी भी संगठन से जुड़ेंगे। उम्मीद है कि शैलेंद्र गुप्ता महासभा के उद्देश्यों के प्रति निष्ठा से कार्य करेगें। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

लखीमपुर खीरी में महिलाओं को सशक्त करने हेतु चलाया जा रहा है प्रोजेक्ट वार ऑफ वीमेन

लखीमपुर खीरी। हायर हब कंसलटेंसी सर्विसेज लखीमपुर खीरी में उजाला फाउंडेशन के सहयोग से महिलाओं को सशक्त करने हेतु प्रोजेक्ट वार ऑफ विमेन चलाया जा रहा है जिसमें महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यूपी एलएमपी आइकन के प्रबंधिका श्री मती चित्रा वर्मा और उनकी टीम द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उदय प्रताप ने बताया है कि हमारा लक्ष्य समूचे प्रदेश की महिलाओं को सशक्त करने का हैं जिसमें उत्तर प्रदेश के कुल 14 जिलों की महिलाओं को प्रोजेक्ट वार ऑफ वीमेन (महिला सशक्तिकरण) के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

नर सेवा नारायण सेवा : सड़क पर तड़प रहा था मासूम बेजुबान का बच्चा

बलिया - युवा समाज सेवी सागर सिंह राहुल की एक अनोखी तस्वीर सामने आई जिसे देख आप कहेंगे इंसानियत केवल इंसानों के लिए नही बल्कि बेजुबान जानवरो के लिए भी जिंदा है। नर सेवा नारायण सेवा का उद्देश्य सागर सिंह के जुबान पर ही नही बल्कि कर्म में भी देखने को मिलेगा जो दूसरों के लिए भी एक प्रेरणा है और दूसरों को भी नर सेवा नारायण सेवा के प्रति प्रोत्साहित करता है ।

न्यूज झरोखा

चोरी के माल-तमंचा समेत दम्पति दबोचे, अमावस्या मेले में की थी टप्पेबाजी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने अमावस्या मेले में कामतानाथ प्रमुख द्वार से श्रद्धालु के साथ हुयी टप्पेबाजी की घटना का खुलासा किया है। उन्होंने अभियुक्त व अभियुक्ता को दबोचकर टप्पेबाजी का माल व 21390 रुपये तथा एक लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर व तमंचा-कारतूस बरामद किया है।

ज्ञात है कि तीन अप्रैल को अमावस्या मेला में कामतानाथ प्रमुख द्वार पर बाबूलाल त्रिपाठी पुत्र स्व रामविशाल त्रिपाठी निवासी शिवनगर कालोनी थाना सिविल लाइन सतना मप्र परिजनों के साथ दर्शन करने आये थे। अज्ञात लोगों ने टप्पेबाजी कर उनके रुपये व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिये थे। सूचना पर थाना नयागांव में मामला दर्ज हुआ था।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष सरधुवा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गडौली मोड से मुकेश द्विवेदी उर्फ मुक्का पुत्र स्व भोला द्विवेदी निवासी दरसेड़ा व शगुन द्विवेदी पत्नी स्व भोला द्विवेदी निवासी दरसेड़ा को चोरी के 21390 रुपये व एक लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर, एक तमंचा 315 बोर, कारतूस समेत दबोचा है। अभियुक्तों के खिलाफ थाना सरधुवा में चोरी का माल एवं तमंचा- कारतूस बरामदगी की बाबत मामला दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा अनिल कुमार, दरोगा शिवमणि मिश्रा, दीवान मुस्तकीम खां, सिपाही अमित सिंह, रचना प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

दहेज हत्या में पांच को हुई सात-सात साल की सजा, एक और दहेज हत्या व आबकारी अधिनियम भी हुई सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अदालतों में चल रहे मामलों में पुलिस की बेहतरीन पैरवी के चलते आज दहेज हत्या व आबकारी अधिनियम के आरोपी को अदालत ने सजा सुनाई है।

शुक्रवार को राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा व पैरोकार आकाश यादव ने फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार की अदालत में चल रहे दहेज हत्या के आरोपी सत्येन्द्र पुत्र सियाराम, श्रीमती सावित्री देवी पत्नी सियाराम, सुकेश, श्रीमती गोमती देवी, जितेन्द्र कुमार निवासी भवानीपुरवा मजरा तीरमऊ के मामले में समय से गवाहों की पेशी कराई। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता गोपालदास की प्रभावी बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को सात-सात साल के कारावास व चार-चार हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। तीस जुलाई 2019 को वादी रामफल ने मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई थी।

इसी क्रम में दहेज हत्या के एक और मामले में शिवशंकर पुत्र अमरनाथ निवासी उद्धटा थाना राजापुर को अदालत ने डेढ साल की सजा व छह हजार रुपये का जुमार्ना किया है। आबकारी अधिनियम के मामले में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह व पैरोकार वेदान्त पाण्डेय की पैरवी के चलते अभियोजन अधिकारी शारदा प्रसाद की बहस के फलस्वरुप न्यायिक मजिस्टेज्ट द्वितीय ने आरोपी हरीपाल उर्फ बटुआ पुत्र रामबदन निवासी भौठीपुरवा थाना मानिकपुर को छह माह की सजा व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

कमीशन खोरी का खेल जारी

बुलंदशहर। शिकारपुर/खुर्जा/स्याना तहसील क्षेत्र के निजी स्कूल पूरी तरह मनमानी पर उतर आए हैं। मनमाने ढंग से फीस निर्धारित करने वाले निजी स्कूल संचालकों ने नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल जारी है। बेहतर शिक्षा के के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। स्कूल संचालकों ने कहीं कापी-किताबों और ड्रेस के लिए दुकानों से सेटिंग कर रखी है तो कहीं खुद स्कूल से बांट रहे हैं। फीस बढ़ाकर तो जेब भरी ही जा रही है कापी-किताब और ड्रेस से भी मोटी कमाई की जा रही है।

इन स्कूल संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। फीस निर्धारण में मनमानी करने वाले स्कूल संचालकों ने चालू शिक्षासत्र में फीस में इजाफा कर दिया है। स्कूलों में फीस के साथ किताबों के दामों में बढ़ोत्तरी से अभिभावक परेशान हैं। अभिभावक कर्ज से बच्चों का दाखिला करवा रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर किए जाने वाली मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग की कुछ बोलने के बजाय मुंह बंद कर रखा है। प्राइवेट स्कूल संचालकों से कोई यह पूछने वाला नहीं कि आखिर किसके नाम पर इतनी भारी भरकम एडमीशन के नाम वसूली जा रही है।

अभिभावकों बोले

ड्रेस के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है। स्कूल वाले दुकानदार से सेट कर ले रहे या फिर वह स्वयं दुकान खोल दिए हैं

किताब और कॉपी के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हर साल किताबों में बदलाव किये जाने से इसकी अलग महंगाई की मार झेलनी पड़ती है।

निजी स्कूलों में मनमानी हो रही है। एडमिशन फीस के साथ ही कॉपी किताब के नाम पर अभिभावकों से अधिक पैसे वसूल किए जा रहे हैं। ड्रेस व किताब के नाम पर अभिभावकों से भारी भरकम पैसे वसूले जा रहे है।

जनता का सरकार से अनुरोध है इन निजी स्कूलों से ठगाई के सौदे को बंद किया जाए और कमीशन खोरी कम की जाए।

विद्युत एचटी लाइन की चपेट में आने से बुआ के घर आये युवक ने दम तोड़ा

जलेसर। जलेसर थाना क्षेत्र के गांव सिमराऊ में अपनी बुआ के घर ट्रेक्टर थ्रेसर लेकर गेंहू की गहाई का कार्य करने के लिए आये 28 वर्षीय विजय पुत्र रामवीर जाटव निवासी चुरथरा थाना अवागढ़ की एचटी लाइन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। बताया गया हैकि बुधवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे अचानक थ्रेसर मशीन के खराब हो जाने पर विजय थ्रेसर को ठीक कर रहा था। थ्रेशर मशीन सही करने के बाद विजय जैसे ही उठकर खड़ा हुआ तो उसका सिर काफी नीचे लटक रहे 11हजार विद्युत एचटी लाइन के तारो से छू गया।

ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से मृतक को छुड़ाया। और उसे तत्काल जलेसर ले जाकर गौतम नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाते ही मृतक के परिजन भी मौके पर आ गये। विजय की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मौसम के बदलते मिजाज से बढ़ रही है मरीजों की तादाद

विश्व स्वास्थ्य दिवस में भाजपा मना रही पखवारा

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा युवामोर्चा ने सात दिवसीय पखवारा मनाते हुए स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से भेंटकर हालचाल जाने। गौरव करवरिया व धनंजय तिवारी ने युवा मोर्चा के एक दर्जन साथियों के साथ मौजूद रहे।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में युवा मोर्चा के गौरव करवरिया ने बताया कि कल दलित बस्तियों में जाकर उनके साथ भोजन करेंगे। छुआछूत को देश से मिटायेंगे। भाजपा के स्थापना दिवस पर पखवारा मना रहे हैं। डा सत्येंद्र ने बताया कि हॉस्पिटल में इन दिनों वायरल फीवर, खासी, जुखाम के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। डॉ सत्येंद्र ने बताया कि इन दिनों मरीजों की तादाद तकरीबन ढाई सौ से 300 प्रतिदिन हो गई है। मौसम के बदलते मिजाज से मरीजों की तादाद में बढोत्तरी हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अरुण पटेल ने बताया कि सात अप्रैल को डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन अनुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रहे हैं। मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा और अच्छा इलाज देने के प्रयास जारी हैं। जो मरीज रेफर लायक होते हैं, उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्था देखी जाए तो इतने बड़े अस्पताल में मरीजों को पीने को शुद्ध व ठंडा पेयजल नहीं है। बेडो की चादर ज्यादातर गंदे ही बिछे रहते हैं।

राम महोत्सव में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। ओरछा में आयोजित पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। ये सम्मान मन्दाकिनी नदी की सफाई और सतत अभियान चलाने को दिया गया है।

शुक्रवार को पांच दिवसीय राम महोत्सव में फिल्म अभिनेता चंद्रकांता सीरियल के क्रूर सिंह अखिलेन्द्र मिश्रा और चिड़ियाघर नाटक के बाबू जी राजेंद्र गुप्ता ने बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान जूनागढ़ अखाडा के महामंडलेश्वर डा उमाकांतानंद सरस्वती, किन्नर महामंडलेश्वर समेत तमाम अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पांच दिवसीय राम महोत्सव में बुंदेलखंड क्षेत्र की दर्जनों प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति देंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने को लोगों को सम्मानित किया जाएगा। धर्मनगरी से मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी महाराज ने मंच पर उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने फिल्म अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा और राजेंद्र गुप्ता को शाल प्रशस्ति पत्र और श्री फल देकर सम्मानित किया। इस दौरान राम महोत्सव के आयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने जिले से आयोजन में शामिल होने गए अंकित पहारिया, जानकी शरण गुप्ता और अतुल सिंह का सम्मान किया। प्रभु श्रीराम आधारित नृत्य, गायन, चित्रकला, रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं हुई। बाल रामलीला का मंचन देख सभी दंग रह गए।

सीएमएस शासन की मंशानुसार चला रहे जिला अस्पताल: खरे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला अस्पताल में सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मरीजों की बेहतर देखभाल को निर्णय लिये गये। कहा कि शासन की मंशानुसार सभी मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें दी जायेंगी।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, भाजपा नेता शिवाकान्त पाण्डेय समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि शासन की मंशानुसार सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा जिला अस्पताल को चला रहे हैं। उनके कार्यकाल में जिला अस्पताल की व्यवस्था चैकस हुई है। मरीजों को भरपूर जिला अस्पताल में देखा जा रहा है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें दी जा रही हैं।

इस मौके पर सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि शासन की मंशानुसार वह जिला अस्पताल चला रहे हैं। जिला अस्पताल में आने वाले किसी मरीज को रेफर नहीं किया जा रहा। ज्यादातर मरीजों का बेहतर इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इस मौके पर जिला अस्पताल के स्टाफ के लोगों ने भी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वक्तव्य दिये।

सरैंया गौशाला चल रही भगवान भरोसे

गौशाला में नियुक्त कर्मचारियों का वेतन निकाल लेते हैं सचिव-प्रधान

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत सरैया में गौशाला की स्थिति बद से बदतर है। सरैया गौशाला में कागजों में तकरीबन तीन सौ गौवंश दर्ज हैं। मौके पर गौशाला में एक सैकड़ा भी गौवंश नजर नहीं आते।

शुक्रवार को सरैया ग्राम पंचायत के भाजपा बूथ अध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बुधवार को तडके गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मौके पर 60 से 70 गौवंश दिखे। मजे की बात ये है कि जानवरों की देखरेख को नौ कर्मचारी तैनात हैं। जिनका वेतन सचिव व प्रधान मनरेगा से हाजरी भरकर निकालते हैं। उनमें से एक भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं मिले। इसकी शिकायत विशाल उपाध्याय ने फोन से मुख्य विकास अधिकारी को बताई। उन्हें गौशाला की सभी समस्यायें भी बताई। सीडीओ ने भाजपा कार्यकर्ता को भरोसा दिया कि वह तत्काल गौशाला को दिखवाती हैं। विशाल उपाध्याय ने बताया कि गौशाला देखने कोई नहीं आया। भगवान भरोसे गौशाला चल रही है।

सरैया ग्राम पंचायत की गौशाला प्रधान पति कमल यादव व सचिव चला रहे हैं। दोनों मिलकर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं। भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश सचिव व प्रधान कर रहे हैं। इन पर कडी कार्यवाही की मांग ग्रामीणों ने की है।

सड़क किनारे वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई

नगीना। संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे मे कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की।

सी ओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम भरतपुर थाना बढ़ापुर निवासी चमन कुमार पुत्र नत्थू सिंह 70 वर्ष का बुधवार की तड़के नगीना बिजनौर मार्ग स्थित फायर ब्रिगेड गेट के पास लकड़ी के खोके के बाहर संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला।

नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 50 लोगों की हत्या की

अबुजा। नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने हमला कर 50 लोगों की हत्या कर दी। अभी तक किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

उत्तर मध्य नाइजीरिया के बेन्यू राज्य के उमोगिदी गांव में बंदूकधारियों के समूह ने हमला बोल दिया। स्थानीय सरकार के मुखिया रुबेन बाको ने बताया कि बंदूकधारियों ने पहले तीन लोगों की हत्या की। इसके बाद जोरदार गोलीबारी करते हुए 47 लोगों को मार डाला। बेनू राज्य पुलिस ने हमले की पुष्टि की और जानकारी दी कि हमलावरों ने बाजार में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।

अधिकारियों ने कहा कि अभी किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। वैसे हमले का शक स्थानीय चरवाहों पर है। किसानों ने चरवाहों पर पशुओं को चराने और उनकी फसल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के मुताबिक, चरवाहे कहते हैं कि फसल पशुओं के चराने के लिए है और जिसे पहली बार 1965 में देश को आजादी मिलने के बाद कानून द्वारा समर्थित किया गया। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम और मध्य क्षेत्रों में कृषि समुदायों और घुमंतू पशु चरवाहों के बीच दशकों से संघर्ष चला आ रहा है।

पाकिस्तानी सेना का दावा- बलूच अलगाववादी समूह का संस्थापक गिरफ्तार, चलाया 'हाईप्रोफाइल' खुफिया ऑपरेशन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान इस समय इतिहास के अभूतपूर्व राजनीतिक और आर्थिक संकट से गुजर रहा है। सुप्रीम कोर्ट दो प्रांतों में विधानसभा चुनाव कराने के लिए निर्देश दे चुकी है। देश में आटे के लिए लंबी कतारें लगी हैं। ऐसे में सेना और सरकार असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के नए-नए हथकंडे अपना रही है। इस बीच, सेना ने दावा किया है कि उसने एक सफल खुफिया ऑपरेशन में अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक प्रतिबंधित अलगाववादी समूह के संस्थापक को गिरफ्तार किया है। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि गुलजार इमाम उर्फ शाम्बे को योजनाबद्ध अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। उसने कई स्थानों की महीनों तक यात्रा किया। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा संसाधन संपन्न बलूचिस्तान प्रांत लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का गढ़ रहा है। बलूच विद्रोही समूह इससे पहले 60 अरब डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को निशाना बनाकर कई साहसिक हमले कर चुके हैं। सेना ने कहा, पकड़ा गया शख्स प्रतिबंधित बलूच नेशनल आर्मी का संस्थापक और नेता भी था, जिसका गठन बलूच रिपब्लिकन आर्मी (बीआरए) और यूनाइटेड बलूच आर्मी (यूबीए) के विलय के बाद किया गया था। हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया है कि आतंकवादी को कहां पकड़ा गया था।

नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को यूएमएल अध्यक्ष ओली की सलाह पर राजनीतिक मंच पर लाने का दावा

काठमांडू। नेपाल में सीपीएन (यूएमएल) के पूर्व केंद्रीय सदस्य दुर्गा परसाई ने खुलासा किया है कि पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली की सलाह पर पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को झापा जिले में सार्वजनिक मंच पर लाया गया था। परसाई ने खुलासा किया है कि पार्टी अध्यक्ष ओली हिंदू राष्ट्र की स्थापना के पक्ष में हैं। राष्ट्र, राष्ट्रीयता, धर्म, संस्कृति और नागरिक सुरक्षा अभियान के समन्वयक परसाई ने बुधवार को झापा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान खुलासा किया कि जब वह यूएमएल में थे, तब ओली ने व्यक्तिगत बातचीत में उनसे कहा था कि वे हिंदू राष्ट्र और संवैधानिक राजतंत्र के पक्ष में हैं। परसाई ने यह भी दावा किया कि ओली संघवाद को खत्म करने के भी पक्ष में थे।

परसाई ने खुलासा किया कि उन्होंने ओली के साथ पूर्व क्राउन प्रिंस पारस शाह से बातचीत करवाने की व्यवस्था की थी। परसाई ने कहा कि फरवरी में झापा जिले में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के साथ ओली भी शामिल होने वाले थे लेकिन उन्होंने अंतिम क्षणों में आने से मना कर दिया ।विवादास्पद व्यवसायी दुर्गा परसाई ने यूएमएल छोड़ दिया है। वे खुले तौर पर हिंदू राष्ट्र और संवैधानिक राजतंत्र के पक्ष में खड़े हैं। परसाई ने अपने अभियान को देशव्यापी रूप दे दिया है।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सेना से मुठभेड़, आठ आतंकियों व एक सैनिक की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाओं के बाद सेना ने आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज करने का दावा किया है।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में आठ आतंकियों और एक सैनिक की मौत हो गयी।

सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने एक बयान में जानकारी दी कि अशांत चल रहे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकाने पर छापा मारा गया। सेना के छापा मारते ही ठिकाने पर मौजूद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में सैनिकों ने कार्रवाई की। इस दौरान आतंकवादी कमांडर जन मुहम्मद उर्फ चार्ग सहित आठ आतंकियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जो सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। इस मुठभेड़ में आतंकियों ने भी जमकर गोलीबारी की। आतंकियों की गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। सेना अब आतंकियों की शिनाख्त के आधार पर उनके समूह की पहचान के प्रयास कर रही है।

मैक्रॉन चीन में खाली हाथ, यूक्रेन में जल्द होनी चाहिए शांति वार्ता

बीजिंग। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के समाधान के लिए चीन पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को फिलहाल सफलता मिलती नहीं दिख रही है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूस पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर युद्धविराम के लिए नए संकेत नहीं दिए हैं।

चीन शांति योजना पर ही कार्य कर रहा है जिसमें 12 बिंदुओं में रूस और यूक्रेन के बीच समझौते की बातें हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलकर बीजिंग पहुंचे मैक्रॉन ने चिनफिंग से अनुरोध किया है कि वह रूस को शांति की राह पर लाएं लेकिन चीनी राष्ट्रपति ने इसके लिए प्रयास करने का कोई वचन नहीं दिया है। हां, चिनफिंग ने मैक्रॉन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शांति के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि चिनफिंग ने हाल ही में रूस का दौरा किया था और दोनों देशों ने अपनी सीमाओं से परे दोस्ती को दोहराया था। विश्लेषकों का मानना है कि चिनफिंग किसी भी रूप में अमेरिका के युद्धविराम के प्रयास का हिस्सा नहीं बनना चाहते है। वह विश्व में अमेरिकी प्रभाव को कम करने में रूस के साथ मिलकर कार्य करना चाहते हैं। इसी के चलते चीन ने यूक्रेन युद्ध में भले ही रूस का साथ न दिया हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसने रूस का सहयोग किया है। युद्धकाल में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाकर 200 अरब डालर तक कर दिया है।

> *उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि चिनफिंग ने हाल ही में रूस का दौरा किया था और दोनों देशों ने अपनी सीमाओं से परे दोस्ती को दोहराया था।*

नेपाल की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार भारत और चीन के साथ सीमा समस्या के कूटनीतिक समाधान की करेगी पहल

काठमांडू। नेपाल की दस दलीय संयुक्त सरकार ने न्यूनतम सामान्य कार्यक्रम में पड़ोसी देशों के साथ लंबित सीमा मुद्दों को कूटनीतिक माध्यम से हल करने के मुद्दे का उल्लेख किया है। गुरुवार को नेपाल के प्रशासनिक केंद्र सिंहदरबार में घोषित संयुक्त कार्यक्रम में यह भी कहा गया है कि सीमा के प्रभावी प्रबंधन और नियमन पर सीमा सुरक्षा चौकी (बीओपी) बढ़ाई जाएगी। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की मौजूदगी में सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने घोषित संयुक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के नामों का भी जिक्र किया। यह क्षेत्र भारत के नियंत्रण में है लेकिन नेपाल ने इसे अपने नक्शे में शामिल कर लिया है।

संयुक्त कार्यक्रम में भारत और चीन दोनों का जिक्र करके कहा गाय है कि पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद के मुद्दे को सुलझाया जाना बाकी है। नेपाल की सीमा पूर्व, दक्षिण और पश्चिम में भारत और उत्तर में चीन से सटी है। दोनों देशों के साथ सीमा विवाद का समाधान होना अभी बाकी है । न्यूनतम साझा कार्यक्रम में कहा गया है कि नेपाल बिजली निर्यात के लिए पड़ोसी देशों के साथ बहुपक्षीय संवाद को भी आगे बढ़ाएगा। नेपाल भारत के जरिए बांग्लादेश को बिजली निर्यात करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए वह भारत और बांग्लादेश दोनों से चर्चा करके उच्च क्षमता वाली बिजली पारेषण लाइन जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

नेपाल की भूमि का उपयोग किसी देश के विरुद्ध नहीं होने का उल्लेख करते हुए न्यूनतम साझा कार्यक्रम में कहा गया है कि वह सार्क, बिम्सटेक, आईबीबीएन जैसे क्षेत्रीय संगठनों को गतिशील बनाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में बताया गया है कि ट्रांजिशनल जस्टिस (संक्रमणकालीन न्याय) से जुड़े बाकी काम 2 साल के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे। हाल ही में, नेपाल में हिंदू राष्ट्र, राजशाही और संघवाद के उन्मूलन के पक्ष में गतिविधियां बढ़ रही हैं, सरकार के न्यूनतम सामान्य कार्यक्रम की पहली संख्या गणतंत्र की मजबूती और संघवाद के कार्यान्वयन को कहा गया है।

न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के सभापति शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (यूएस) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव, लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महंत ठाकुर, नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम भट्टराई, जनमत पार्टी के अध्यक्ष सीके राउत, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ, आम जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रभु शाह और राष्ट्रीय जनमोर्चा के अध्यक्ष चित्र बहादुर केसी ने हस्ताक्षर किए।

इजरायल ने लेबनान और गाजा पट्टी पर बरसाए बम

यरुशलम। इजरायल ने उत्तरी व दक्षिणी सीमाओं पर राकेट दागे जाने का कड़ा जवाब दिया है। इजरायल ने लेबनान व गाजा पट्टी पर बम बरसाए हैं।

यरुशलम के ओल्ड सिटी के मध्य में स्थित अल अक्सा मस्जिद में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने रॉकेट दागे थे। इसके बाद पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया था। यहां पुलिस ने जवाब दिया। इसी बीच इजरायल की उत्तरी सीमा पर रॉकेट दागे गए। इसके बाद इजरायल की उत्तरी सीमा पर लोगों को आश्रय स्थलों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन हमलों में कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी भी सामने आई। इजरायल पर यह हवाई हमले तब हुए जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंत्रिमंडल के साथ बैठक कर रहे थे। नेतन्याहू ने कहा, हम अपने दुश्मनों पर हमला करेंगे। लेबनान से इजरायल पर 30 से अधिक रॉकेट दागे गए। इसको लेकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मुंहतोड़ जवाब देने का वादा किया। सेना ने दावा किया कहा कि 25 रॉकेट को उसके आयरन डोम हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा मार गिराया गया। पांच रॉकेट इजरायली क्षेत्र में गिरे और बाकी हमलों की जांच की जा रही है। रॉकेट हमलों के जवाब में इजरायल ने गाजा पट्टी पर बमों की बरसात कर दी। उत्तरी गाजा शहर बेत हनून और दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस की सुरंगों पर बमबारी की गई है। लेबनान पर भी इजरायल की ओर से हमला किया गया है। हमले में भारी संख्या में लोगों के हताहत होने की आशंका है।

परमाणु हथियार पर हलचल तेज- फ्रांस के राष्ट्रपति की टिप्पणी पर रूस का तंज

मास्को। रूस ने बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने का एलान किया है। इसके बाद से पश्चिमी देशों में हलचल तेज हो गई है। अमेरिका, ब्रिटेन के बाद फ्रांस ने भी रूस को ऐसा न करने के लिए कहा। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन इमैनुएल ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा था, फ्रांस का मानना है कि यूक्रेन में संघर्ष से परमाणु हथियारों को पूरी तरह से बाहर रखा जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में परमाणु हथियारों को परमाणु शक्ति के क्षेत्र के बाहर तैनात नहीं किया जा सकता है, विशेष रूप से यूरोप में।

चीन की राजकीय यात्रा के दौरान मैक्रॉन ने यह भी तर्क दिया कि बेलारूस में परमाणु हथियारों को तैनात करने का रूस का हालिया निर्णय अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के साथ बाहर है। अब इसपर रूस ने पलटवार किया है। ट्विटर पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने लिखा, क्या मैं यह समझने में सही हूं कि पेरिस की कठोर मांग वाशिंगटन को संबोधित है? मंत्रालय ने दो तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें दावा किया गया कि अमेरिका ने पूरे यूरोप में परमाणु हथियार तैनात कर दिए हैं। इसमें उन छह देशों के नाम भी सूचीबद्ध हैं जहां अमेरिका ने अपने परमाणु हथियार को तैनात किया था। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच परमाणु हमले का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एलान के बाद बेलारूस ने भी साफ कर दिया है कि वह अपने देश में रूस के टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियार को तैनात करने के लिए मंजूरी दे चुका है। सबसे बड़ी बात ये है कि रूस के इस परमाणु हथियारों की तैनाती नाटो देशों के चौखट पर ही होगी। मतलब नाटो सदस्य देशों के ठीक बॉर्डर पर ये हथियार रखे जाएंगे। ऐसा करने से रूस पश्चिमी देशों के बिल्कुल करीब पहुंच जाएगा।

पेप्सिको प्लांट उद्घाटन : ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पेप्सिको की फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास कर गोरखपुर में औद्योगिक प्रगति को रफ़्तार देंगे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिलेगी। एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्युमेबल गुड्स) के एक बड़े प्लांट की वजह से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। छोटी आपूर्तिकर्ता कम्पनियों, पैकेजिंग व ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर को आगे बढ़ने का भी मौका मिलेगा। दूध की आपूर्ति कर लगभग 10 हजार ग्रामीण परिवार अतिरिक्त आय अर्जित करेंगे। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इससे 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार प्राप्त होगा।

अमेरिका पर चीन की बड़ी कार्रवाई: ताइवानी राष्ट्रपति की यात्रा से बौखलाया चीन

यरुशलम। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन की अमेरिका यात्रा से चीन बौखलाया हुआ है। ताइवानी राष्ट्रपति ने अमेरिकी रिपब्लिकन हाउस के अध्यक्ष केविन मैककार्थी से मुलाकात की तो चीन और भड़क गया। खुन्नस निकालने के लिए चीन ने अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी और अन्य अमेरिकी और एशियाई-आधारित संगठनों के खिलाफ प्रतिबंध लगा दिया है। रीगन लाइब्रेरी दुर्लभ उच्च-स्तरीय द्विदलीय बैठक का स्थल है, जिसकी मेजबानी रिपब्लिकन हाउस के अध्यक्ष केविन मैककार्थी ने इस सप्ताह ताइवान के राष्ट्रपति साई इंग-वेन के साथ बातचीत के लिए की थी। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-चीन संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं। इस बीच ताइवान और चीन के बीच भी तनाव बढ़ गया है।

चीन ने और क्या कदम उठाए?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने केवल रीगन लाइब्रेरी पर ही प्रतिबंध नहीं लगाए हैं, बल्कि हडसन इंस्टीट्यूट थिंक टैंक के खिलाफ भी कार्रवाई की है। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब चीन में रीगन लाइब्रेरी और हडसन इंस्टीट्यूट बैन रहेगा। चीन का कहना है कि इन दोनों ने अलगाववादी गतिविधियों को एक मंच प्रदान किया है। संगठनों के साथ-साथ इस इन संस्थानों का नेतृत्व करने वाले चार लोगों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

इसमें हडसन इंस्टीट्यूट के निदेशक मंडल की अध्यक्ष सारा मे स्टर्न, हडसन संस्थान के निदेशक जॉन पी वाल्टर्स, रीगन फाउंडेशन के पूर्व कार्यकारी निदेशक जॉन हेबुश, रीगन फाउंडेशन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जोआन एम. ड्रेक शामिल हैं। चीन ने इसी के साथ कहा कि चीन में इन सब की कोई भी संपत्ति या वित्तीय संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी।

ताइवान की राष्ट्रपति ने यूएस हाउस के स्पीकर से की मुलाकात

कैलिफोर्निया में यूएस हाउस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी से ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र खतरे में है।' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2022 में तत्कालीन हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद, एक साल से भी कम समय में त्साई दूसरी बार किसी शीर्ष अमेरिकी सांसद से मिलीं। वह अमेरिकी धरती पर यूएस हाउस स्पीकर से मिलने वाली ताइवान की पहली राष्ट्रपति भी हैं। त्साई ने मैक्कार्थी के साथ एक संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, 'यह किसी से छिपा नहीं है कि आज हमने जो शांति बनाए रखी है और जिस लोकतंत्र को बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, वह अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'हम एक बार फिर खुद को ऐसी दुनिया में देख रहे हैं, जहां लोकतंत्र खतरे में है। स्वतंत्रता की रोशनी को चमकते रहने की जरूरत को कम करके नहीं आंका जा सकता है।' राष्ट्रपति ने कहा, 'जब हम एक साथ होते हैं तो हम मजबूत होते हैं, ताइवान के साथ खड़े होने के लिए हम अमेरिका के आभारी है।'

ताइवान की राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद यूएस हाउस स्पीकर ने कहा, 'ताइवान और अमेरिका के लोगों के बीच दोस्ती स्वतंत्र दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण विषय है। यह आर्थिक स्वतंत्रता, शांति और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'ताइवान एक सफल लोकतंत्र, संपन्न अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य और विज्ञान में ग्लोबल लीडर है। संवाद और आदान-प्रदान के माध्यम से हमारे सहयोग का विस्तार जारी है। मैं आशावादी हूं कि हम एशिया में आर्थिक स्वतंत्रता, शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका और ताइवान के लोगों के साथ मिलकर काम करने के तरीके ढूंढते रहेंगे।'

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 32 .9 करोड़ डॉलर घटकर 578 .45 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका देने वाली खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मार्च को समाप्त हफ्ते में 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.45 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मार्च को समाप्त हफ्ते 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.45 अरब डॉलर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह स्वर्ण आरक्षित भंडार में कमी है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 5.98 अरब डॉलर बढ़कर 578.78 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

ट्विटर पर फिर लौटी 'नीली चिड़िया', एलन मस्क ने बदला लोगो

नई दिल्ली। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर का लोगो एक बार फिर बदल गया है। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ट्विटर की कमाल संभालने के बाद से कई बदलाव कर चुके हैं। उन्होंने 4 अप्रैल को ट्विटर के आइकन 'चिड़िया' का लोगो हटाकर डॉगी लगा दिया था, लेकिन शुक्रवार, 7 अप्रैल को मस्क ने फिर से ट्विटर के लोगो पर नीली चिड़िया लगा दी है।

ट्विटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मस्क ने ट्विटर के लोगो पर अभी जिस डॉगी की तस्वीर को लगाया था, उसे क्रिप्टोकरेंसी 'ऊड्ढीड्डल्ल' के लोगो के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। ट्विटर पर वापस नीली चिड़िया की तस्वीर लगाने के पीछे की वजह का पता नहीं चला है। ये बदलाव सिर्फ वेब वर्जन पर किया गया था, ऐप पर नहीं। अब नीली चिड़िया वाला लोगो फिर से वेब और ऐप दोनों पर नजर आ रहा है।

पॉपुलर सोशल मीडिया साइट ट्विटर को जुलाई, 2006 में लॉन्च किया गया था। जैक डॉर्सी, नोआ ग्लास, इवान विलियम्स और बिज स्टोन ने इसकी स्थापना की थी। एलन मस्क ने 27 अक्टूबर, 2022 को 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर को खरीद लिया था। मस्क ट्विटर के 7,500 कर्मचारियों में से 50 फीसदी से ज्यादा को नौकरी से निकाल चुके हैं।